www.tamsasanket.com
वर्ष: 30 || अंक 48 || अम्बेडकरनगर
शनिवार
09 मई 2026 || पृष्ठ: 08 || मूल्य: ₹ 2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

**मौसम**
सूर्योदय: 05:23
सूर्यास्त: 06:43
अधिकतम: 34:00
न्यूनतम: 25:00



पेज 07

विशेष समाचार 'अपराजेय' कोई नहीं, इसलिए... >> पेज 04 | सट्टे के कर्ज से परेशान ... >> पेज 06 | पलक तिवारी को क्रेडिट लेने ...

## सरकार बनाने का दावा पेश किया, आज शपथ, शाह बोले- महिला सुरक्षा टॉप प्रायोरिटी

# सुवेंदु होंगे बंगाल के सीएम

**ऐलान**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

कोलकाता । सुवेंदु अधिकारी पश्चिम बंगाल के नए सीएम होंगे। कोलकाता में कन्वेंशन सेंटर में आयोजित विधायक दल की बैठक में उन्हें नेता चुना गया। बैठक के बाद अमित शाह ने उनके नाम का ऐलान किया। इसके बाद सुवेंदु लोकभवन में राज्यपाल से मिले और सरकार बनाने का दावा पेश किया। सुवेंदु कल सुबह 11 बजे कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में मुख्यमंत्री की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में PM मोदी, शाह समेत NDA के कई बड़े नेता शामिल होंगे।

उधर शाह ने विधायक दल की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ममता जी के शासन में अपराधी राजनेता बन गए तो विकास की गुंजाइश ही नहीं रही।

>> (शेष पेज 06 पर)



### शाह बोले- पूरे देश से घुसपैठियों को चुन-चुनकर निकालेंगे

शाह ने कहा- भाजपा का वादा है कि बंगाल की जनता को कि न सिर्फ बंगाल, पूरे देश से हम एक-एक घुसपैठियों को चुन-चुनकर निकालेंगे। ये ध्रुवीकरण का मुद्दा नहीं है। ये देश की सुरक्षा का मुद्दा है। बंकीम बाबू के परिवार से बहन सुनित्रा चटोप्धाय हमारे साथ जुड़ी हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि वंदे मातरम के 150वें साल में बंकीम बाबू की धरती पर हमें सरकार बनाने का मौका मिला।

### बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी भाजपा सरकार में मुख्य सचिव बन सकते हैं

सूत्रों के अनुसार, पश्चिम बंगाल के मौजूदा मुख्य निर्वाचन अधिकारी (CEO) मनोज कुमार अग्रवाल को चुनी गई भाजपा सरकार में मुख्य सचिव बनाया जा सकता है। मनोज कुमार अग्रवाल 1990 बैच के IAS अधिकारी और IIT कानपुर के पूर्व छात्र रहे हैं।

### केंद्रीय मंत्री मजूमदार बोले- चुनाव में जो गारंटियां दीं, उसे पूरा करेंगे

केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा- बंगाल चुनाव में जो गारंटियां दी गई हैं और विश्वास पत्र में जो लिखा है। हम उन सभी बातों को सामने रखकर आगे बढ़ेंगे।

आरजीकर पीड़ित की मां बोलीं- मुझे बेटी के लिए न्याय चाहिए आरजी कर की पीड़ित की मां रत्ना देवनाथ पानीहाटी से भाजपा विधायक बनी हैं। उन्होंने कहा- मैं बेहद खुश हूं। सबसे पहली चीज जो मैं चाहती हूं, वह है मेरी बेटी के लिए न्याय और मैं बंगाल की सभी महिलाओं की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करूंगी।

'घुसपैठ, गो तस्करी असंभव होगी' शुभेंदु पर मुहर के बाद शाह ने बता दिया बंगाल सरकार का एजेंडा







केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा- बंगाल चुनाव में जो गारंटियां दी गई हैं और विश्वास पत्र में जो लिखा है। हम उन सभी बातों को सामने रखकर आगे बढ़ेंगे।

### शाह बोले- सुवेंदु दा ने दीदी को उनके घर में हराया

शाह ने कहा- भवानीपुर की जनता का भी बहुत बहुत धन्यवाद। सुवेंदु ने पिछले चुनाव में नंदीग्राम में हराया था। दीदी इस बार तो सुवेंदु दा ने आपको आपके घर में हराया है। भवानीपुर की जनता का दिल से धन्यवाद। इस जीत का महत्व पार्टी के विस्तार तक सीमित नहीं है। इसका महत्व भाजपा-NDA का 21वां राज्य हुआ तक सीमित नहीं है।

### शाह ने कहा- बंगाल में भाजपा का झंडा फहराने का सपना पूरा हुआ

अमित शाह ने कहा- आज बंगाल का विजय अनेक लिहाज से अहम है। 100 साल की वैचारिक यात्रा के बाद गंगोत्री से गंगासागर तक, आज भाजपा की सरकार बनी है। 1950 से जिस विचार को लेकर हम निकले, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार को लेकर निकले। आज उनकी ही पार्टी की सरकार बनी। 370 हटी तो देश भर में कार्यकर्ताओं में खुशी थी। लेकिन कई कार्यकर्ताओं ने कहा था कि अभी भी एक कसक बची है। उन्होंने कहा कि बंगाल में भाजपा का झंडा फहराना है। वो भी आज पूरा हो गया। शाह ने कहा- बंगाल की जनता में हमें जन समर्थन दिया। उसका आभार व्यक्त करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं है। हमारे विधायकों के जीत का औसत मार्जिन 28 हजार है। >> ( 06 पर)

### आरजीकर पीड़ित की मां बोलीं- मुझे बेटी के लिए न्याय चाहिए

आरजी कर की पीड़ित की मां रत्ना देवनाथ पानीहाटी से भाजपा विधायक बनी हैं। उन्होंने कहा- मैं बेहद खुश हूं। सबसे पहली चीज जो मैं चाहती हूं, वह है मेरी बेटी के लिए न्याय और मैं बंगाल की सभी महिलाओं की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करूंगी।

## 'युवाओं को रोजगार नहीं सोशल मीडिया का नशा दिया जा रहा'

### सद्भावना यात्रा: राहुल गांधी का केंद्र पर हमला

**जनसभा**

**तमसा संकेत, एजेंसी**



देश का धन कुछ उद्योगपतियों को दिया जा रहा है : राहुल गांधी

चम्बा । राहुल गांधी ने गुरुग्राम में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ साल पहले उन्होंने कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा निकाली थी, जिसमें लाखों लोग शामिल हुए थे। उस दौरान 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान' का नारा जनता के बीच से निकला था। राहुल गांधी ने कहा कि यह सिर्फ कांग्रेस का नहीं, बल्कि देश की भावना का नारा है और आज भी देश को इसकी जरूरत है।

उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ियां की जाती हैं। राहुल गांधी ने कहा कि लाखों वोटरों के नाम काटे जाते हैं और लाखों नाम जोड़े जाते हैं। उन्होंने चुनाव आयोग पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जनता अब सब समझ चुकी है और आने वाले समय में इसका जवाब देगी। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि देश की संपत्तियां कुछ बड़े उद्योगपतियों को सौंपी जा रही हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

## नासिक टीसीएस केस : मुख्य आरोपी निदा खान हिरासत में

### यौन उत्पीड़न और धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप

**पूछताछ**

**तमसा संकेत, एजेंसी**



इस मामले में अब तक 9 एफआईआर दर्ज हुई

नासिक । नासिक TCS केस में पुलिस ने मुख्य आरोपी निदा खान को गुरुवार रात छत्रपति संभाजीनगर से हिरासत में लिया। निदा पर सेक्सुअल हैरेसमेंट और जबरन धर्म परिवर्तन के आरोप हैं। इससे पहले 2 मई को नासिक कोर्ट ने निदा की एंटीसिपेटरी बेल याचिका खारिज की थी। प्रॉसिक्यूशन ने कोर्ट में कहा कि आरोप गंभीर हैं और उनसे कस्टडी में पूछताछ जरूरी है। इस दौरान निदा फरार चल रही थी।

न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, पब्लिक प्रॉसिक्यूटर अजय मिसर ने बताया था कि निदा खान इस केस की मुख्य आरोपियों में से एक हैं। इसी आधार पर कोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया। FIR के अनुसार, निदा पर आरोप है कि उसने महिला कर्मचारियों को बुर्का पहनने की सलाह दी थी।

>> (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### 'मंत्री शाह को ऐसे कमेंट्स की आदत'

भोपाल। सेना की महिला अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कुंवर विजय शाह की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में अभियोजन स्वीकृति देने में हो रही देरी पर राज्य सरकार को फटकार लगाई।

**अलर्ट राहत**

### एमपी और यूपी में आंधी-बारिश से 10 डिग्री सेल्सियस तक घटा तापमान

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश, पाकिस्तान से सटे राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड और गंगा से सटे बंगाल के इलाकों में आज आंधी-बारिश का अलर्ट है। दक्षिण में केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु के कई जिलों में भी अगले 7 दिन तक भारी बारिश होगी। शुक्रवार को एमपी में आंधी बारिश के बाद तापमान 34°C तक पहुंच गया। यूपी में भी बारिश से राहत रही। 7 दिन पहले जिस बांदा में तापमान 47.6°C था, वह 7 मई को 38°C तक पहुंच गया।

### सीजेआई बोले मुझे डांटकर चैम्बर से बाहर निकाल दिया था

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने शुक्रवार को अपनी निजी जिंदगी से जुड़ा एक किस्सा सुनाया। केस की सुनवाई के दौरान CJI ने बताया कैसे एक जज ने उन्हें डांट लगाते हुए चैंबर से बाहर निकल जाने को कहा था। ये किस्सा जस्टिस सूर्यकांत ने ज्यूडिशियल सर्विस की एप्लीकेंट की याचिका पर सुनवाई के दौरान सुनाया।

## लोकसभा में कांग्रेस के साथ नहीं बैठेंगे डीएमके सांसद

### टीवीके को समर्थन देने से नाराज, अखिलेश का तंज- हम मुश्किलों में साथ नहीं छोड़ते

**फैसला**

**तमसा संकेत, एजेंसी**



नई दिल्ली। तमिलनाडु में एक्टर विजय की पार्टी TVK को समर्थन देने से नाराज द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (DMK) ने कांग्रेस से अपना गठबंधन खत्म कर दिया है। DMK ने लोकसभा में कांग्रेस सांसदों के साथ ना बैठने का फैसला किया है।

सांसद कनिमोझी ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को लेटर लिखकर सिटिंग अरेंजमेंट बदलने की मांग की है। कनिमोझी ने कहा कि बदलते हालातों में कांग्रेस सांसदों के साथ बैठना उचित नहीं है। लोकसभा में 22 सांसदों वाली DMK, विपक्षी INDIA गठबंधन की चौथी सबसे बड़ी पार्टी है।

इससे पहले INDIA गठबंधन के लोकसभा में दूसरे सबसे बड़े दल समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को ममता बनर्जी से मुलाकात की थी।

>> (शेष पेज 06 पर)

### डीएमके बोली- कांग्रेस ने पीठ में छुरा घोंपा

DMK नेताओं ने कांग्रेस पर "पीठ में छुरा घोंपने" का आरोप लगाया है। पार्टी प्रवक्ता सरवनन अन्नादुरई ने कहा कि कांग्रेस को तमिलनाडु में जो पांच सीटें मिलीं, वह DMK गठबंधन की वजह से मिलीं। उनका दावा है कि गठबंधन नहीं होता तो कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत पाती।

## तमिलनाडु के सीएम होंगे विजय

### राज्यपाल को 118 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा

**दावा**

इससे पहले विजय ने 6 और 7 मई को भी सरकार बनाने का दावा पेश किया था। लेकिन राज्यपाल ने कहा कि 118 विधायकों का समर्थन दिखाए बिना वे सरकार बनाने के लिए आमंत्रित नहीं कर सकते।

**तमसा संकेत, एजेंसी**



विजय ने राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर से मुलाकात की और राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश किया।

चेन्नई। तमिलनाडु में सरकार गठन को लेकर जारी राजनीतिक सस्पेंस खत्म हो गया है। TVK चीफ और एक्टर विजय मुख्यमंत्री बनेंगे। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने विजय को सरकार बनाने की मंजूरी दे दी है। विजय कल CM पद की शपथ ले सकते हैं। विजय ने शुक्रवार को लोकभवन में लगातार तीसरे दिन राज्यपाल से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। उन्होंने राज्यपाल को TVK, कांग्रेस, CPI, CPI(M) और VCK के कुल 118 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में TVK ने 234 में से 108 सीटें जीती हैं। इनमें दो सीटों पर विजय जीते हैं। उन्हें एक सीट छोड़नी पड़ेगी। ऐसे में कुल विधायक 107 हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

### टीवीके समर्थकों ने लोकभवन के सामने प्रदर्शन किया

TVK को बहुमत नहीं मिलने के केस में DMK और AIADMK में गठबंधन के बाद सरकार गठन की अटकलें हैं। TVK ने कहा कि अगर दोनों पार्टियों ने सरकार बनाने का दावा पेश किया, तो उसके सभी विधायक इस्तीफा दे देंगे।

TVK समर्थकों ने शुक्रवार सुबह गवर्नर हाउस (लोकभवन) के सामने प्रदर्शन और नारेबाजी की। पुलिस ने कई समर्थकों को हिरासत में लिया।

कांग्रेस से गठबंधन टूटने के बाद DMK ने लोकसभा में अपने सांसदों की सीट बदलने की मांग की है। पार्टी ने कहा है कि गठबंधन टूटने के बाद सदन में कांग्रेस के साथ बैठना सही नहीं है।

**आदेश : निजी अस्पतालों और अल्ट्रासाउंड केंद्रों के पंजीकरण में अनियमितता के आरोप**

## सीएमओ और डिप्टी सीएमओ पर विभागीय कार्रवाई

डिप्टी सीएम के निर्देश के बाद बढ़ी हलचल

**बृजेंद्र वीर सिंह**

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। स्वास्थ्य विभाग में अनियमितताओं को लेकर बड़ी कार्रवाई हुई है। जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार शैवाल और डिप्टी सीएमओ डॉ. संजय वर्मा के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के आदेश जारी किए गए हैं। दोनों अधिकारियों पर निजी अस्पतालों, नर्सिंग होम और अल्ट्रासाउंड केंद्रों के पंजीकरण व नवीनीकरण में गंभीर लापरवाही और नियमों के उल्लंघन के आरोप लगे हैं। स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिक जांच में दोनों अधिकारियों की



Brajesh Pathak
6m ·

मुख्य चिकित्साधिकारी, अम्बेडकर नगर एवं डिप्टी सी०एम०ओ० द्वारा निजी चिकित्सालयों/ नर्सिंग होम एवं अल्ट्रासाउण्ड जाँच सेन्टरों के पंजीकरण एवं नवीनीकरण प्रक्रिया में जानबूझ कर अनियमितता किये जाने, शासनादेशों के उल्लंघन करने एवं व्यक्तिगत स्वार्थ के कारणों से फाइलों को स्वीकृत किये जाने में लापरवाही करते हुए अपने पद का दुरूपयोग किये जाने संबंधी कई स्तरों से उक्त दोनों चिकित्साधिकारियों के विरूद्ध शिकायतें पाये जाने व जिलाधिकारी से प्राप्त रिपोर्ट व तथ्यों के आधार पर दोनो चिकित्साधिकारियों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही किये जाने के आदेश दिये गए हैं।

भूमिका संदिग्ध मिलने के बाद उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सख्त रुख अपनाया। आरोप है कि पंजीकरण से जुड़ी फाइलों को नियमों की अनदेखी कर स्वीकृत किया गया। साथ ही व्यक्तिगत स्वार्थ में सरकारी प्रक्रिया का दुरुपयोग करने की बात भी सामने आई है।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की विस्तृत जांच कराई जाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी। >> (शेष पेज 06 पर)

### शिकायतों के बाद बनी जांच समिति

सूत्रों के मुताबिक निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम के संचालन को लेकर लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं। आरोप था कि कई संस्थानों को निर्धारित मानकों की अनदेखी कर अनुमति दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एडीएम समेत तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गई। समिति ने पंजीकरण और नवीनीकरण से संबंधित दस्तावेजों की जांच की। जांच के दौरान कई मामलों में प्रक्रिया संबंधी अनियमितताएं सामने आईं। रिपोर्ट में शासनादेशों के पालन में लापरवाही और अधिकारियों द्वारा अधिकारों के दुरुपयोग की पुष्टि बताई गई है।

### निजी अस्पतालों से साठगांठ के आरोप

जांच में कुछ निजी अस्पतालों और अल्ट्रासाउंड केंद्रों को लेकर भी सवाल उठे हैं। आरोप है कि नियमों को पूरा किए बिना फाइलों को आगे बढ़ाया गया। कई मामलों में निरीक्षण प्रक्रिया और दस्तावेजों की जांच को लेकर भी आपत्तियां दर्ज की गई हैं। स्वास्थ्य विभाग अब जिले में संचालित निजी अस्पतालों, नर्सिंग होम और अल्ट्रासाउंड केंद्रों के पंजीकरण रिकॉर्ड की दोबारा समीक्षा की तैयारी में है। विभागीय सूत्रों के अनुसार आगे और कार्रवाई की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश के बाद स्वास्थ्य विभाग में हलचल तेज हो गई है। विभागीय कार्रवाई शुरू होने के बाद अधिकारियों और कर्मचारियों से संबंधित अभिलेख भी खंगाले जा रहे हैं।

## मेधावी छात्रों को अखिलेश यादव ने किया सम्मानित

### लैपटॉप और आईपैड देकर बढ़ाया छात्रों का उत्साह

**सम्मान**

**अरमान**



अक्षिता गुप्ता ने प्रदेश में हासिल किया दूसरा स्थान

तमसा संकेत, लखनऊ। अखिलेश यादव ने गोरखपुर जनपद में आईसीएसई बोर्ड की 10वीं और 12वीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को लैपटॉप और आईपैड देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी मेहनत और लगन से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

अखिलेश यादव ने HP Children's Academy की छात्रा अक्षिता गुप्ता को 10वीं बोर्ड परीक्षा में पूरे उत्तर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त करने पर विशेष रूप से बधाई दी। अक्षिता ने 99.40 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं।

आईसीएसई बोर्ड की 10वीं परीक्षा में St. Joseph High School के छात्र अनुज कसौधन ने 98.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय और जनपद का नाम रोशन किया।

>> (शेष पेज 06 पर)

### न्यूजीलैंड की आधुनिक तकनीक से प्रदेश के मधुमक्खी पालकों को मिलेगा लाभ, निर्यात को भी मिलेगा बढ़ावा

# ‘गुणवत्तायुक्त शहद उत्पादन एवं प्रसंस्करण की अपार संभावनाएं’

चर्चा

तमसा संकेत, संवाददाता





लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य से शुक्रवार को न्यूजीलैंड के शहद उत्पादन एवं प्रसंस्करण क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट कर प्रदेश में गुणवत्तायुक्त शहद उत्पादन, प्रसंस्करण तथा तकनीकी सहयोग की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। प्रतिनिधिमण्डल का नेतृत्व श्री बी.एल. मीणा, अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग ने किया।

प्रतिनिधिमंडल में न्यूजीलैंड के ईशान जयवर्धने (व्यापार कार्यान्वयन), मेलानी फिलिप्स (कृषि सलाहकार), बायरन टेलर (तकनीकी सलाहकार, मधुमक्खी पालन), प्रियम अरोड़ा (कृषि भागीदारी प्रबंधक, न्यूजीलैंड उच्चायोग), संदीप साहा (एपीडा क्षेत्रीय प्रमुख, उत्तर-पूर्व एवं लद्दाख) तथा श्री निमित सिंह ‘मधुमखी-वाला’, बाराबंकी शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल द्वारा अवगत कराया गया कि न्यूजीलैंड में उच्च गुणवत्ता वाले शहद के उत्पादन, प्रसंस्करण एवं रोग नियंत्रण की आधुनिक तकनीक विकसित की गई है, जिसे उत्तर प्रदेश के मधुमक्खी पालकों तक प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहयोग के माध्यम से पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश प्रवास के दौरान रायबरेली एवं बाराबंकी जनपदों का भ्रमण कर स्थानीय मधुमक्खी पालकों से संवाद स्थापित किया गया तथा प्रदेश में शहद उत्पादन की व्यापक संभावनाओं का अध्ययन किया गया।

**मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार कृषकों को अतिरिक्त आय के साधन उपलब्ध कराने के लिए मधुमक्खी पालन को एक सशक्त व्यवसाय के रूप में विकसित करने हेतु प्रतिबद्ध है। विभाग द्वारा न्यूजीलैंड की नवीन तकनीकों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर किसानों एवं उद्यमियों को प्रशिक्षित किया जाएगा।**

प्रतिनिधिमंडल ने उप मुख्यमंत्री जी को उनके जन्मदिवस की शुभकामनाएं भी दीं तथा भेंट के लिए आभार व्यक्त किया। टीम लीडर द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि न्यूजीलैंड ने शहद आधारित चॉकलेट टॉफी एवं अन्य स्वास्थ्यवर्धक उत्पादों के आधुनिक उत्पादन में विशेष दक्षता प्राप्त की है, जिसकी तकनीक एवं अनुभव उत्तर प्रदेश सरकार के साथ साझा किए जाएंगे।

**व्यापारिक एवं तकनीकी सहयोग को नई गति**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भारत एवं न्यूजीलैंड के मध्य हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से दोनों देशों के बीच व्यापारिक एवं तकनीकी सहयोग को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड की उन्नत तकनीक एवं अनुभव का लाभ प्रदेश के मधुमक्खी पालकों को प्रदान कर गुणवत्तायुक्त एवं निर्यातोन्मुख शहद उत्पादन को बढ़ावा दिया जाएगा, इससे प्रदेशवासियों को स्वास्थ्यवर्धक शहद उपलब्ध होने के साथ-साथ मधुमक्खी पालकों की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

# प्रदेश में समाप्त हुई स्मार्ट प्री-पेड मीटर व्यवस्था

### सभी स्मार्ट मीटर अब पोस्टपेड मोड में होंगे संचालित

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित कालिदास मार्ग पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट कर स्मार्ट प्री-पेड मीटर व्यवस्था समाप्त कर पोस्टपेड प्रणाली लागू किए जाने के निर्णय पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार प्रदेश के करोड़ों विद्युत उपभोक्ताओं के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लगातार जनहितकारी निर्णय ले रही है।

ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने कहा कि स्मार्ट मीटर एवं बिजली बिलों से संबंधित शिकायतों के समाधान हेतु 15 मई से 30 जून 2026 तक प्रदेशभर में अधिशासी अभियंता एवं उपखंड अधिकारी कार्यालयों पर विशेष शिकायत निस्तारण कैंप लगाए जाएंगे। प्रत्येक कार्यालय में विशेष हेल्प डेस्क स्थापित की जाएगी, जहां बिल संशोधन एवं तकनीकी शिकायतों का मौके पर समाधान किया जाएगा। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि सरकार द्वारा लिया गया यह निर्णय उपभोक्ताओं को राहत, पारदर्शिता एवं सुविधा प्रदान करने वाला ऐतिहासिक कदम है। योगी सरकार सुशासन, पारदर्शिता एवं जनसुविधा के संकल्प के साथ कार्य कर रही है और भविष्य में भी आम जनता के हित में इसी प्रकार के निर्णय लिए जाते रहेंगे।

फास्ट न्यूज

### कोलकाता-पटना फ्लाइट की लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग

लखनऊ । शुक्रवार को भी खराब मौसम का असर विमान सेवाओं पर पड़ा। कोलकाता से पटना जा रही एक उड़ान को लखनऊ एयरपोर्ट पर आपात स्थिति में उतारा गया। इसके अतिरिक्त, लखनऊ आने-जाने वाली चार उड़ानें रद्द कर दी गईं, जबकि कई उड़ानें निर्धारित समय से लेट हुईं। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार दोपहर बाद पटना का मौसम अचानक बिगड़ने से विमान संचालन बाधित हुआ।

### आईपीएल का नकली टिकट बेचने वाले 4 गिरफ्तार

लखनऊ । लखनऊ में IPL मैच के दौरान नकली टिकट बेचने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। साइबर सेल और सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में छत्तीसगढ़ के 4 युवकों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से नकली टिकट, लैपटॉप, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड और टिकट प्रिंट करने का सामान बरामद हुआ है। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी सोशल मीडिया से असली टिकटों की फोटो डाउनलोड करते थे, फिर Corel Draw एप्लीकेशन की मदद से हूबहू नकली टिकट तैयार करते थे।

### लखनऊ में बिना सप्लाई के आया पानी का बिल

लखनऊ । नगर निगम के संपूर्ण समाधान दिवस में शुक्रवार को पानी और टैक्स की समस्या से जुड़ी सबसे अधिक शिकायतें आईं। कुल 175 लोग नगर निगम मुख्यालय में शिकायत लेकर पहुंचे। इसमें टैक्स से जुड़ीं 117 शिकायतें रहीं। इसके साथ इंजीनियरिंग विभाग की 27, जलकल विभाग की 15, मार्ग प्रकाश विभाग की 08, साफ-सफाई से संबंधित 05 तथा उद्यान विभाग की 03 शिकायत मिली।

## बीकेटी थाना क्षेत्र में तड़के हिट एंड रन, मामा की मौत

### भांजे की हालत नाजुक दोनों साइकिल से घर लौट रहे थे





मृतक रामू कुमार

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ के बीकेटी थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार मामा-भांजे को टक्कर मार दी। हादसे में मामा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि भांजा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान कल्याणपुर निवासी रामू कुमार (45) कुमार के रूप में हुई। वह अपने भांजे विजय के साथ गुरुवार रात किसान पथ के पास स्थित एक लॉन से काम खत्म कर साइकिल से घर लौट रहे थे। दोनों वेटर का काम करते थे। तड़के करीब 3 बजे बीकेटी इलाके में किसान पथ के पास पीछे से तेज रफ्तार कार ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी तेज थी कि रामू कुमार सड़क पर दूर जा गिरे और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। भांजा विजय उछलकर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरा। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों और स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को लोहिया अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

### लखनऊ में वकील ने खुद को गोली मारी, मौत

लखनऊ। लखनऊ के अलीगंज सेक्टर-ई में बृहस्पतिवार रात अधिवक्ता शैलेंद्र प्रताप सिंह (40) ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने अपनी लाइसेंसी पिस्टल कनपटी पर सटाकर फायर किया। गोली लगते ही मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। इंस्पेक्टर ध्रुव कुमार के मुताबिक रात करीब 10:30 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को शैलेंद्र की बहन शालिनी सिंह ने सूचना दी कि उनके भाई ने खुद को गोली मार ली है। पुलिस मौके पर पहुंची तो शैलेंद्र कमरे में खून से लथपथ पड़े मिले। उनके पास ही पिस्टल पड़ी थी।

परिजनों ने पुलिस को बताया कि शैलेंद्र की शादी करीब दो साल पहले हुई थी। उनकी कोई संतान नहीं थी। बृहस्पतिवार रात करीब 8:30 बजे कमरे से गोली चलने की आवाज सुनाई दी। परिवार के लोग कमरे में पहुंचे तो शैलेंद्र मृत अवस्था में पड़े थे। फॉरेंसिक साइंस टीम ने मौके से पिस्टल समेत अन्य साक्ष्य कब्जे में ले लिए हैं।

# अब चुनाव नहीं देश बचाने की लड़ाई

### बंगाल चुनाव को लेकर अखिलेश यादव का भाजपा पर बड़ा हमला

अपील

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पश्चिम बंगाल के चुनावों को लेकर भाजपा पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल जाकर चुनाव की “महाधांधली और महाबेईमानी” को देखकर यह महसूस हुआ कि अब केवल चुनाव प्रक्रिया को नहीं, बल्कि देश को बचाने की जरूरत है।

अखिलेश यादव ने कहा कि नोटबंदी के जरिए छोटे कारोबार को खत्म करने की साजिश की गई और जीएसटी को जानबूझकर जटिल बनाकर अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी स्कूलों को कमजोर कर आम जनता के बच्चों को शिक्षा से दूर रखने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सांप्रदायिकता का जहर फैलाकर देश की एकता और भाईचारे को कमजोर किया जा रहा है। साथ ही राजनीतिक दलों को तोड़कर लोकतांत्रिक व्यवस्था को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। अखिलेश यादव ने देशवासियों से अपील करते हुए कहा कि अब निर्णायक समय आ गया है। सभी लोगों को मिलकर देश विरोधी ताकतों को हराना होगा और देश की नई आजादी के लिए तिरंगा उठाना होगा।

**संविधान और लोकतंत्र खतरे में: अखिलेश**

अखिलेश यादव ने कहा कि देश ऐसे लोगों के हाथों में चला गया है जो संविधान, लोकतंत्र, आरक्षण, स्वतंत्रता, समानता और न्याय के विरोधी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सत्ता महिलाओं, युवाओं, किसानों, मजदूरों, शोषितों, वंचितों और गरीबों के अधिकारों के खिलाफ काम कर रही है।

**सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा और उसके सहयोगी आजादी से पहले भी देश विरोधी थे और आज भी उसी सोच के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि स्वदेशी की बात करने वाले लोग विदेशों से पैसा क्यों लेते हैं और कोविड के दौरान जुटाए गए चंदे का हिसाब क्यों नहीं देते।**

### मानसून तैयारी, स्वच्छता अभियान और वृक्षारोपण को लेकर नगर निकायों को दिए गए निर्देश

# नगर विकास विभाग की महत्वपूर्ण बैठक

तमसा संकेत, संवाददाता





लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने संगम सभागार, लखनऊ में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की समीक्षा बैठक की। बैठक में प्रदेश भर से नगर आयुक्त, मेयर, पार्षद, ईओ एवं नगर विकास विभाग से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26, सिटीजन फीडबैक, कूड़ा पृथक्करण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली-2026 तथा आरआरआर मॉडल के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाया जाए तथा आमजन की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने सभी नगर निकायों को निर्देश दिए कि नागरिकों से अधिक से अधिक सिटीजन फीडबैक प्राप्त किया जाए और वार्ड स्तर पर स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समितियों को सक्रिय किया जाए। बैठक में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, सोर्स सेग्रीगेशन एवं वैज्ञानिक वेस्ट मैनेजमेंट व्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ एवं अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने, व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाने तथा स्वच्छता के प्रति व्यवहार परिवर्तन आधारित जागरूकता अभियान संचालित करने पर भी चर्चा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी ईओ स्वयं अपने नगर निकायों की नियमित समीक्षा करें कि उनकी नगर पालिका, नगर पंचायत अथवा नगर निगम की वर्तमान स्थिति क्या है और उसमें किस प्रकार सुधार किया जा सकता है।

**शर्मा ने कहा कि सभी अधिकारी पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें**

शर्मा ने कहा कि सभी अधिकारी पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें, ताकि प्रदेश के शहरों को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी नगर पंचायतों एवं नगर पालिकाओं के ईओ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करें। कहीं से भी लापरवाही या शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए। यदि सभी अधिकारी पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे तो साफ-सफाई सहित अन्य नागरिक समस्याओं का प्रभावी समाधान संभव होगा।

- **मंत्री शर्मा ने आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए नाला-नालियों की नियमित सफाई, सिल्ट निकासी एवं जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। साथ ही प्रत्येक निकाय में त्वरित कार्रवाई हेतु**
- **क्यूआरटी गठित करने पर भी बल दिया गया।**

### 5 चिकित्साधिकारी बर्खास्त 16 अन्य के खिलाफ विभाग जांच के आदेश

### समीक्षा बैठक में डिप्टी सीएम का एक्शन

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने लखनऊ समेत कई जिलों में तैनात लापरवाह चिकित्साधिकारियों और स्वास्थ्यकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश जारी किए हैं। लखनऊ में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कर्तव्यों के प्रति उदासीनता, भ्रष्टाचार और बिना सूचना लंबे समय तक ड्यूटी से गायब रहने के गंभीर मामले सामने आए। डिप्टी सीएम ने तुरंत संज्ञान लेते हुए 5 चिकित्साधिकारियों को सेवा से बर्खास्त करने और 16 अन्य के खिलाफ विभागीय जांच के निर्देश दिए हैं। शासन द्वारा यह कदम स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने और जनता के प्रति जवाबदेही तय करने के उद्देश्य से उठाया गया है। अम्बेडकर नगर के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार शैवाल और डिप्टी सीएमओ डॉ. संजय वर्मा पर निजी अस्पतालों और अल्ट्रासाउंड सेंटरों के पंजीकरण में अनियमितता बरतने के आरोप साबित हुए है। एडीएम स्तर की जांच में पाया गया कि इन्होंने व्यक्तिगत स्वार्थ के चलते शासनादेशों का उल्लंघन किया।

संडीला, हरदोई के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार सिंह के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं. उन पर अवैध निजी अस्पतालों पर कार्यवाही न करने और कर्तव्यों में शिथिलता बरतने का आरोप है। बिना किसी सूचना के लंबे समय से अपनी ड्यूटी से अनधिकृत रूप से गायब रहने वाले पांच चिकित्साधिकारियों को डिप्टी सीएम ने सेवा से बर्खास्त करने का आदेश दिया है।

**भ्रमण : लोकतांत्रिक व्यवस्था और संसदीय कार्यप्रणाली को करीब से जाना**

# उत्तर प्रदेश विधानसभा पहुंचे कानपुर के छात्र



तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। Uttar Pradesh Legislative Assembly का शुक्रवार को Dehradun Public Senior Secondary School, कानपुर के छात्र-छात्राओं ने शैक्षिक भ्रमण किया। ‘ए स्टेप टुवड्र्स प्रैक्टिकल लर्निंग एंड सिविक अवेयरनेस’ थीम के तहत आयोजित इस भ्रमण में 43 छात्र-छात्राओं और 8 शिक्षकों के दल ने हिस्सा लिया। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक व्यवस्था, संसदीय परंपराओं और शासन प्रणाली की कार्यप्रणाली से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना था।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने Satish Mahana से शिष्टाचार भेंट भी की। विधानसभा अध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय परंपराओं के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में युवाओं की अहम भूमिका होती है और विद्यार्थियों को संविधान तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति जागरूक रहना चाहिए। सतीश महाना ने विद्यार्थियों को अनुशासन, शिक्षा और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि व्यवहारिक ज्ञान विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अशीष शुक्ला के नेतृत्व में आए शिक्षकों में अभिषेक कुमार दीक्षित, अनिल कुमार, शैलजा शुक्ला, अनीता मिश्रा, शोभित शर्मा, आकाश सिंह और आरना शुक्ला शामिल रहे।

**विधानसभा भवन की ऐतिहासिक और प्रशासनिक जानकारी ली**

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विधानसभा भवन की ऐतिहासिक एवं स्थापत्य विशेषताओं का अवलोकन किया। साथ ही सदन की कार्यप्रणाली, जनप्रतिनिधियों की भूमिका और कानून निर्माण प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त की। छात्र-छात्राओं ने विधानसभा की बैठक व्यवस्था, समितियों की कार्यशैली तथा प्रशासनिक व्यवस्थाओं को भी नजदीक से समझा।

### लखनऊ में 2 युवकों की सेप्टिक टैंक में मौत

लखनऊ। लखनऊ में शुक्रवार दोपहर सेप्टिक टैंक की सफाई कर रहे 2 मजदूरों की मौत हो गई। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, एक मजदूर पहले टैंक के अंदर सफाई करने के लिए उतरा। जब काफी देर तक उसकी ओर से कोई आवाज या हलचल नहीं हुई, तो दूसरा मजदूर उसे देखने के लिए टैंक में चला गया।

इसके बाद दोनों की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल डायल 112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम और ग्रामीणों की मदद से दोनों मजदूरों को अचेत अवस्था में बाहर निकाला गया।

उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना मुख्यालय से करीब 35 किमी दूर माल थाना क्षेत्र के नवीपनाह गांव की है। दोनों मजदूरों की पहचान नवीनपनाह गांव के रिंकू और राजेश के रूप में हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि नवीनपनाह गांव के मयंक सिंह के यहां नया सेप्टिक टैंक बना है।

# निपुण भारत मिशन से सशक्त हो रही आधारभूत शिक्षा : संदीप सिंह

### ‘निपुण’ लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा उत्तर प्रदेश, नई पीढ़ी को मिल रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ‘निपुण भारत मिशन’ के माध्यम से बच्चों में आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षता विकसित करने के लिए प्रभावी एवं परिणाममुखी प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा किसी भी राष्ट्र के भविष्य की मजबूत नींव होती है और सरकार प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण, समावेशी एवं आधुनिक शिक्षा पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

मंत्री संदीप सिंह शुक्रवार को लखनऊ में आयोजित देवी संस्थान (डिग्निटी एजुकेशन विजन इंटरनेशनल) द्वारा आयोजित ‘फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरसी (FLN)’ विषयक लीडरशिप कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में शिक्षा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों, शिक्षकों एवं विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बेसिक शिक्षा को आधुनिक एवं तकनीक आधारित बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। प्रदेश के हजारों विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब एवं डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना कर विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षण व्यवस्था से जोड़ा गया है। इससे बच्चों में सीखने की क्षमता, रचनात्मकता एवं तकनीकी दक्षता का विकास हो रहा है।

## अंबेडकरनगर में आयोजित कार्यक्रम, स्वरोजगार से जुड़ने पर दिया गया जोर

# ओडीओपी योजना के तहत 400 प्रशिक्षित युवाओं को मिली टूलकिट



**सहयोग**

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। जिले में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में "एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना" के तहत 400 प्रशिक्षित लाभार्थियों को टूलकिट वितरित की गई। कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य हरिओम पाण्डेय और जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा ने लाभार्थियों को टूलकिट प्रदान की।

कार्यक्रम के दौरान पांच लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से मंच से टूलकिट दी गई। वहीं अन्य लाभार्थियों को जिला विकास अधिकारी की निगरानी में जिला उद्योग केंद्र परिसर में टूलकिट वितरित की गई। उन्होंने लाभार्थियों को प्रशिक्षण का पूरा लाभ उठाने और अपने कार्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

उपायुक्त उद्योग ने बताया कि जिला उद्योग केंद्र के माध्यम से करीब 360 लाभार्थियों को उनके ट्रेड से संबंधित टूलकिट उपलब्ध कराई गई। जो लाभार्थी कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके, वे कार्यालय पहुंचकर अपनी टूलकिट प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना के तहत लाभार्थियों को 10 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान आवागमन के लिए प्रत्येक लाभार्थी को दो हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी गई।कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी, जिला उद्योग केंद्र के अधिकारी-कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधि और अन्य लोग मौजूद रहे।




### लाभार्थियों ने साझा किए अनुभव

कार्यक्रम में कई लाभार्थियों ने अपने अनुभव भी साझा किए। शिवांगी वर्मा, ललिता देवी और रोशनी वर्मा ने कहा कि ओडीओपी योजना के तहत मिले प्रशिक्षण से उन्हें काम सीखने का अवसर मिला। वहीं टूलकिट मिलने से स्वरोजगार शुरू करने में मदद मिलेगी।

**कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हरिओम पाण्डेय ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाएं युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने का काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि ओडीओपी योजना के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण के साथ आर्थिक सहयोग भी दिया जा रहा है, जिससे वे अपना रोजगार शुरू कर सकें।**

### योजनाओं का लाभ लेने की अपील

जिलाधिकारी ने कहा कि युवा मुख्यमंत्री युवा योजना समेत अन्य स्वरोजगार योजनाओं का लाभ लें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई टूलकिट का सही उपयोग कर युवा आत्मनिर्भर बन सकते हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा योजना की जानकारी देते हुए युवाओं को योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए लगातार नई योजनाएं चला रही है।

# जिले की 35 गौशालाओं की व्यवस्था की समीक्षा विभागों को दिए गए निर्देश

## निर्माणाधीन गो संरक्षण केंद्र 30 मई तक पूरे करने के निर्देश

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को निराश्रित गो आश्रय स्थलों की जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने की। इसमें जिले में संचालित गौशालाओं की व्यवस्थाओं, निर्माणाधीन गो संरक्षण केंद्रों और गोवंश संरक्षण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जिले में वर्तमान में 35 स्थाई और अस्थाई गो आश्रय स्थल संचालित हैं। इन गौशालाओं में कुल 3536 गोवंश संरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि रामकोला, रामनगर और राजेसुल्तानपुर में निर्माणाधीन गो संरक्षण केंद्रों का काम चल रहा है। इन परियोजनाओं को 30 मई 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत अब तक 786 पशुपालकों को 1131 गोवंश सुपुर्द किए जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने अधिक से अधिक पशुपालकों को योजना से जोड़ने और गोवंश सुपुर्दगी की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने गो आश्रय स्थलों का निरीक्षण करने वाले नोडल अधिकारियों की रिपोर्ट की भी समीक्षा की। निरीक्षण में सामने आई कमियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए। जिलाधिकारी ने गौशालाओं में गर्मी से बचाव के लिए विशेष इंतजाम करने को कहा। उन्होंने शेड के किनारों पर जूट के बोरे और टाट-पट्टी लगाने, स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने और साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही पशु चिकित्सा अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर बीमार और कमजोर गोवंशों का इलाज सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। गौशालाओं में सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था मजबूत करने और मृत गोवंशों का नियमानुसार निस्तारण कराने के भी निर्देश दिए गए।

बैठक में गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर भी जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी गो आश्रय स्थलों को महिला स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्मी कंपोस्ट, गो-काष्ठ और कंपोस्ट निर्माण जैसे कार्यों को बढ़ावा देने की बात कही।

**फास्ट न्यूज**

### पुलिस लाइन में कर्मचारियों की गणना

अंबेडकरनगर। पुलिस लाइन में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने नियुक्त पुलिस कर्मियों की गणना ली। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी व्यवस्था की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। गणना के दौरान पुलिस लाइन में मौजूद कर्मचारियों की उपस्थिति, तैनाती और ड्यूटी वितरण की स्थिति की जांच की गई। एसपी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और सभी कर्मी निर्धारित समय और स्थान पर उपस्थित रहें।

### बरात में शामिल युवक की संदिग्ध मौत

जलालपुर, अंबेडकरनगर। बरात में शामिल हुए एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना से बरात में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, जैतपुर के प्रतापपुर कला गांव निवासी राधेश्याम निषाद के पुत्र की शादी गुरुवार को थी। बरात आजमगढ़ के महाराजगंज क्षेत्र के भीलकोला गांव गई थी। बरात में गांव के सागर निषाद भी शामिल हुए थे। बताया गया कि वे कुछ दिन पहले ही गाजियाबाद से घर लौटे थे। परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार बरात में भोजन करने के कुछ देर बाद सागर निषाद की तबीयत अचानक बिगड़ गई।

### नहरों के जरिए तालाब भरने का अभियान

अंबेडकरनगर। जिले में गर्मी के मौसम को देखते हुए नहरों के माध्यम से तालाब और पोखरों को भरने का कार्य शुरू कर दिया गया है। सिंचाई खंड टांडा के अधिशासी अभियंता ने बताया कि 2 मई 2026 को फैजाबाद शाखा से पानी प्राप्त होने के बाद नहरों में पानी छोड़ा गया है। जिले के अकबरपुर, कटेहरी, बसखारी, रामनगर, टांडा, भियांव, जलालपुर और जहांगीरगंज विकास खंडों में तालाबों और पोखरों को भरने का अभियान चलाया जा रहा है।

# जनगणना 2027 के लिए स्व-गणना प्रक्रिया शुरू

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत स्व-गणना (Self Enumeration) प्रक्रिया 7 मई से 21 मई 2026 तक शुरू कर दी गई है। इस अवधि में नागरिक स्वयं ऑनलाइन पोर्टल पर अपनी और अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकते हैं। स्व-गणना के लिए सरकार ने पोर्टल https://se.census.gov.in जारी किया है। इस पोर्टल के माध्यम से घर बैठे ही जनगणना में भाग लिया जा सकता है। जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने बताया कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं है, बल्कि देश और समाज के विकास की आधारशिला है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पेयजल, रोजगार और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की योजना जनगणना के आंकड़ों पर ही आधारित होती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक की भागीदारी इस प्रक्रिया को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रशासन की ओर से अपील की गई है कि अधिक से अधिक लोग स्व-गणना प्रक्रिया में हिस्सा लें और अपनी जानकारी सही तरीके से दर्ज करें। साथ ही लोगों को इसके प्रति जागरूक करने पर भी जोर दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया के माध्यम से भी लोगों को इस अभियान से जोड़ा जाए, ताकि जनगणना प्रक्रिया अधिक प्रभावी और सफल हो सके।

**7 मई से 21 मई तक पोर्टल पर खुद दर्ज कर सकते हैं जानकारी**

# संयुक्त जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर आयोजित

## 15 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान, रक्तदाताओं को किया गया सम्मानित

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। संयुक्त जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में शुक्रवार को विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन आरम्भ फाउंडेशन के संयोजन में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा और जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

शिविर में युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान कुल 15 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले सभी लोगों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार शैवाल, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पी.एन. यादव और डॉ. संजय वर्मा समेत कई अधिकारी और चिकित्सक मौजूद रहे।





### गंभीर मरीजों के इलाज में मिलेगी मदद

अस्पताल प्रशासन के अनुसार संयुक्त जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में वर्तमान समय में 53 यूनिट रक्त उपलब्ध है। इस रक्त का उपयोग गंभीर मरीजों और जननी सुरक्षा योजना के तहत उपचाररत गर्भवती महिलाओं की जरूरत पड़ने पर किया जाएगा।

अधिकारियों ने कहा कि रक्तदान से जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने में मदद मिलती है। ऐसे शिविरों से लोगों में जागरूकता बढ़ती है और ब्लड बैंक में पर्याप्त मात्रा में रक्त उपलब्ध रहता है।

# मां और चार बच्चों की हत्या मामले में जांच तेज

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। कोतवाली नगर क्षेत्र के मुरादाबाद मोहल्ले में मां और चार बच्चों की हत्या मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। मुख्य आरोपी के मुठभेड़ में मारे जाने के बाद अब पुलिस वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर पूरे मामले की कड़ियां जोड़ने में जुटी है। पिछले सप्ताह शुक्रवार को गासिया और उसके चार बच्चों की सिर कुचलकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने मामले की जांच के दौरान बीते सोमवार को मुख्य आरोपी आमिर को मुठभेड़ में मार गिराया था, जिसे इस वारदात का मुख्य सूत्रधार माना जा रहा है। गुरुवार को पुलिस ने जांच के तहत महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र कर प्रयोगशाला भेजे। बच्चों का विसरा, मुठभेड़ स्थल से बरामद पिस्टल और खोखे को जांच के लिए लखनऊ और वाराणसी की विधि विज्ञान प्रयोगशालाओं में भेजा गया है। इसके अलावा मौके से मिले खून और मिट्टी के नमूनों को भी परीक्षण के लिए भेजा गया है। पुलिस को आशंका है कि बच्चों की हत्या से पहले उन्हें नशीला या जहरीला पदार्थ दिया गया हो सकता है। इसकी पुष्टि विसरा रिपोर्ट से होगी।

प्रारंभिक जांच में किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता के प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं मिले हैं, लेकिन घटना के तरीके को देखते हुए पुलिस एक से अधिक आरोपियों की भूमिका से इनकार नहीं कर रही है।



**विसरा और हथियारों को भेजा गया विधि विज्ञान प्रयोगशाला, वैज्ञानिक रिपोर्ट पर टिकी जांच**

# नकली एंकर उत्पादों पर बड़ी कार्रवाई

## अकबरपुर में दो दुकानों पर छापा, दर्जनों नकली इलेक्ट्रॉनिक सामान बरामद

**छापेमारी**

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। अकबरपुर थाना क्षेत्र में नकली इलेक्ट्रॉनिक सामान की बिक्री पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। शहजादपुर और मशीनरी मार्केट स्थित दो दुकानों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में एंकर ब्रांड के नकली उत्पाद बरामद किए गए हैं। दोनों मामलों में कॉपीराइट एक्ट और बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस ने दोनों मामलों में कॉपीराइट एक्ट की धारा 63 और बीएनएस की धारा 349 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। बरामद सामान को कब्जे में लेकर जांच के लिए भेजा गया है। कंपनी प्रतिनिधि ने असली एंकर उत्पाद भी जांच के लिए प्रस्तुत किए हैं, ताकि नकली और असली उत्पादों की पहचान स्पष्ट की जा सके।



**"7 मई 2026 को पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के अधिकृत प्रतिनिधि सुनील कुमार ने पुलिस को सूचना दी कि क्षेत्र में एंकर ब्रांड के नकली उत्पादों की बिक्री की जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम और कंपनी प्रतिनिधि ने संयुक्त रूप से छापेमारी की।**

### शहजादपुर की दुकान से बड़ी खेप बरामद

पहली कार्रवाई शहजादपुर स्थित डीएम इलेक्ट्रिकल इलेक्ट्रॉनिक दुकान पर की गई। तलाशी के दौरान मो. इरफान पुत्र दोस्त मोहम्मद ने खुद को दुकान का संचालक बताया। जांच में 58 नकली फैन रेगुलेटर और 6 नकली 6एम टॉप प्लेट बरामद हुए।

टीम ने मौके से एक फैन रेगुलेटर और एक टॉप प्लेट को नमूने के तौर पर सील किया। पूछताछ में दुकानदार किसी भी प्रकार का बिल या वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

### मशीनरी मार्केट में भी मिला नकली सामान

इसके बाद पुलिस टीम मशीनरी मार्केट स्थित बीओबी बैंक के पास शिमला इलेक्ट्रिक दुकान पहुंची। यहां दुकानदार सुशील कुमार पुत्र विदा प्रसाद ने दुकान का संचालन करना स्वीकार किया। जांच में 10 नकली 3 पिन प्लग टॉप बरामद किए गए। यहां भी बरामद माल से संबंधित कोई वैध बिल या खरीद दस्तावेज उपलब्ध नहीं हो सके। एक प्लग टॉप को जांच के लिए सील किया गया।

# आईजीआरएस रैंकिंग में अंबेडकरनगर पुलिस अव्वल

## लगातार तीसरी बार पहला स्थान, 100 प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जनपद पुलिस ने एक बार फिर प्रदेश स्तर पर अपनी कार्यकुशलता का लोहा मनवाया है। शासन की समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (IGRS) पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में अंबेडकर-नगर पुलिस को लगातार तीसरी बार प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त हुआ है।

फरवरी, मार्च और अप्रैल 2026 की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जिले ने शीर्ष स्थान हासिल किया। अप्रैल माह में प्राप्त 135 शिकायतों के सापेक्ष सभी 135 मामलों का शत-प्रतिशत निस्तारण किया गया।

पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के नेतृत्व में आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण की नियमित समीक्षा की गई। उनके निर्देश पर प्रत्येक शिकायत की मौके पर जाकर जांच सुनिश्चित की गई और निष्पक्ष रूप से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया गया। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) एवं आईजीआरएस नोडल अधिकारी हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की गई। सर्किल और थाना स्तर पर भी लगातार फॉलोअप किया गया, जिससे मामलों के निस्तारण में पारदर्शिता बनी रही। इस उपलब्धि में आईजीआरएस सेल की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। टीम में उपनिरीक्षक शिवांगी त्रिपाठी, कांस्टेबल पूजा सिंह, मंजू पटेल, ललित मोहन यादव, प्रदीप कुमार और मनीष कुमार शामिल रहे।



### एसपी का बयान

पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने इस उपलब्धि पर कहा कि यह सफलता पूरी टीम के समर्पण और मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि

"आईजीआरएस प्रणाली में प्राप्त हर शिकायत को गंभीरता से लिया जाता है। हमारा उद्देश्य है कि प्रत्येक नागरिक की समस्या का समयबद्ध और निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित हो। टीमवर्क और सतत निगरानी से ही यह परिणाम संभव हुआ है।"

# स्कूली वाहनों की सघन जांच फिटनेस परमिट और सुरक्षा मानकों की जांच

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए यातायात पुलिस और परिवहन विभाग ने शुक्रवार को संयुक्त अभियान चलाया। यह अभियान 6 मई से 9 मई तक चलाए जा रहे चार दिवसीय विशेष चेकिंग अभियान के तहत किया गया।

क्षेत्राधिकारी यातायात, यातायात प्रभारी और एआरटीओ की संयुक्त टीम ने कई स्कूलों के वाहनों की जांच की। अभियान के दौरान श्री कृष्ण चिल्ड्रेन सेंट्रल एकेडमी, गंगा चिल्ड्रेन एकेडमी, आरजेएस पब्लिक स्कूल, सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंड्री स्कूल, कप्तान सिंह मेमोरियल एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, सूर्यकेशरी पब्लिक स्कूल, संत द्वारिका प्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय, आरकेएन पब्लिक स्कूल, एमकेडी पब्लिक स्कूल, बीआरआईडी चिल्ड्रेन एकेडमी, केडी कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल और सेंट जेवियर्स हाई स्कूल समेत कई विद्यालयों के वाहनों की जांच की गई। चेकिंग के दौरान वाहनों के फिटनेस प्रमाणपत्र, परमिट, बीमा, चालक का ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य जरूरी दस्तावेजों की जांच की गई। इसके साथ ही वाहनों में फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र और स्पीड गवर्नर की उपलब्धता भी देखी गई। जांच में जिन वाहनों में कमियां मिलीं, उनके खिलाफ नियमानुसार चालान की कार्रवाई की गई। वाहन संचालकों को सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए। संयुक्त टीम ने स्कूल प्रबंधकों और वाहन चालकों को बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।




**जांच : इब्राहिमपुर थाने के बाहर ग्राम प्रधान पर हमला, दूसरे पक्ष ने भी मारपीट का लगाया आरोप**

# सरकारी जमीन पर शौचालय निर्माण को लेकर बवाल

**इब्राहिमपुर थाना अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर मिली है। घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।**

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र के गोवर्धनपुर गांव में सरकारी जमीन पर सार्वजनिक शौचालय निर्माण को लेकर विवाद हिंसक हो गया। शुक्रवार को दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई। ग्राम प्रधान सुनील यादव घायल हो गए, जबकि दूसरे पक्ष ने भी प्रधान और उनके समर्थकों पर हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि विवाद बढ़ने पर पुलिस ने दोनों पक्षों को इब्राहिमपुर थाने बुलाया था। इसी दौरान तनाव और बढ़ गया।



### ग्राम प्रधान ने लगाया हमले का आरोप

ग्राम प्रधान सुनील यादव का आरोप है कि थाना परिसर के बाहर उन पर हमला किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि सच्चाराम प्रजापति, बृजेश उपाध्यक्ष और संध्या समेत अन्य लोगों ने उनकी पिटाई की। मारपीट में उनके सिर में गंभीर चोट आई। प्रधान पक्ष का कहना है कि घटना के दौरान पिस्टल दिखाकर जान से मारने की धमकी भी दी गई। वहीं प्रधान के वाहन चालक अभिषेक यादव के साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप लगाया गया है।

घटना के बाद थाना परिसर के बाहर लोगों की भीड़ जमा हो गई और कुछ देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

### शौचालय निर्माण को लेकर शुरू हुआ विवाद

जानकारी के अनुसार गांव में सरकारी भूमि पर सार्वजनिक शौचालय निर्माण की तैयारी चल रही थी। आरोप है कि उक्त जमीन पर क्षेत्र पंचायत सदस्य सच्चाराम प्रजापति का कब्जा था। लेखपाल द्वारा जमीन का चिन्हीकरण किए जाने के बाद ग्राम प्रधान सुनील यादव ने वहां मिट्टी डलवाई। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया।

दूसरी ओर क्षेत्र पंचायत सदस्य सच्चाराम प्रजापति ने ग्राम प्रधान और उनके समर्थकों पर हमला करने का आरोप लगाया है। सच्चाराम ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा कि प्रधान ने उनकी खतौनी की जमीन पर जबरन मिट्टी पटाई कराई थी। विरोध करने पर उन पर हमला किया गया।

# बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारियों की समीक्षा

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। संभावित बाढ़ आपदा 2026-27 को देखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने की। इसमें बाढ़ नियंत्रण, राहत व्यवस्था और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा उपायों की स्थिति की समीक्षा की गई।

बैठक में बाढ़ कार्य खंड अयोध्या द्वारा चल रही परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुई। अधिशासी अभियंता ने बताया कि जिले में कुल 5 परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। इनमें 2 परियोजनाएं टांडा और 3 परियोजनाएं आलापुर तहसील क्षेत्र में हैं। इन कार्यों से आसोपुर, नौराहने रामपुर, गोवर्धनपुर, बंगालपुर, माझा कम्हरियां और अराजी देवारा जैसे गांवों को बाढ़ से सुरक्षा मिलेगी।



**30 जून तक कटानरोधी परियोजनाएं पूर्ण करने के निर्देश**

जिलाधिकारी ने सभी परियोजनाओं को 30 जून तक पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही उपजिलाधिकारियों को तकनीकी टीम के साथ स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्ता की जांच सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में बताया गया कि जिले में कुल 13 बाढ़ चौकियां स्थापित हैं। इनमें 5 टांडा और 8 आलापुर तहसील क्षेत्र में स्थित हैं।

# सम्पादकीय

## चुनाव बाद हिंसा का दुष्चक्र



पश्चिम बंगाल चुनाव के पहले और चुनाव के दौरान तो हिंसा से बच गया, लेकिन चुनाव बाद हिंसा से नहीं बच पा रहा है। केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती के बाद भी जिस तरह हिंसा जारी है, उससे पिछले विधानसभा चुनावों के बाद की भयावह हिंसा का स्मरण हो आया। तब ममता की सत्ता में वापसी हुई थी और उनके नेता-कार्यकर्ता निरंकुश होकर विरोधी दलों के समर्थकों पर टूट पड़े थे।

उस समय ममता ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया था कि अभी उन्होंने शपथ नहीं ली है। इस बार वे इस खोखले तर्क की आड़ में छिपती दिख रही हैं कि चूंकि जीत भाजपा को मिली है, इसलिए हिंसा रोकने की जिम्मेदारी उसी की है, लेकिन यह ध्यान रहे कि अभी नई सरकार का गठन नहीं हुआ है। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि बंगाल में हिंसा इसलिए हो रही है, क्योंकि तृणमूल कांग्रेस के नेता-कार्यकर्ता हार की खीझ भाजपा समर्थकों पर निकाल रहे हैं।

ममता ने यह कहकर एक तरह से अपने समर्थकों को उकसाया ही है कि वे हारी नहीं, बल्कि उन्हें हराया गया है और इसलिए वे त्यागपत्र नहीं देंगी। स्पष्ट है कि वे चुनाव बाद हिंसा भड़काने के आरोपों से बच नहीं सकतीं। स्पष्ट यह भी है कि तृणमूल समर्थक आतंकित करने वाली हिंसा का जो परिचय दे रहे हैं, वह उस हिंसक राजनीतिक संस्कृति की देन है, जिसे ममता ने पिछले 15 वर्षों में उसी तरह संरक्षित किया, जैसे एक समय वाम दलों ने किया था।

बंगाल में आतंक मचा रहे हिंसक तत्व कितने अधिक दुस्साहसी हैं, इसका खौफनाक प्रमाण है भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री पद के दावेदार सुवेंदु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की गोली मार कर हत्या। सुवेंदु का यह आरोप सच हो तो हैरानी नहीं कि रथ की टारगेट किलिंग इसलिए हुई कि उन्होंने ममता को चुनावी मात दी।

इस हत्या के साथ भाजपा समर्थकों को निशाना बनाने वाली अन्य हिंसक घटनाओं के पीछे तृणमूल समर्थकों का हाथ होने की भरी-पूरी आशंका इसलिए है, क्योंकि अतीत में भी उन्होंने ऐसी हिंसा की है और सब जानते हैं कि ममता ने कभी उसकी परवाह नहीं की। यह अच्छा हुआ कि इस्तीफा न देने की जिद पर अड़ीं ममता को बर्खास्त कर दिया गया, लेकिन जब तक भाजपा सत्ता नहीं संभालती, तब तक चुनाव आयोग और पुलिस प्रशासन को यह देखना होगा कि मौजूदा हिंसा पर कैसे लगाम लगे।

# 'अपराजेय' कोई नहीं, इसलिए जन-हित न भूलिए

> हालिया चुनाव परिणामों ने इस सत्य को एक बार फिर दोहराया है कि जनता का विश्वास अर्जित करना जितना कठिन है, उसे बनाए रखना उससे कहीं ज्यादा चुनौतीपूर्ण है।




जैसे खेल में बहुत कुछ तय होने पर भी अनेक बार नया इतिहास रचा जाता है, ऐसे ही राजनीति में भी सबका समय आता है और जनादेश किसी को सत्ता देता है, तो किसी के किलों की दीवारें दरक जाती है, अर्थात साफ है कि राजनीति में कोई 'अपराजेय' नहीं होता। बंगाल, असम से लेकर तमिलनाडु तक के विधानसभा चुनाव के नतीजे साफ बोल रहे हैं कि जनता अब केवल चेहरों पर नहीं बल्कि ज़मीनी सच्चाई और आचरण पर अपना फैसला सुनाती है।

दुनिया के कईं देशों में लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबसूरती ही यह है कि यहाँ 'अंतिम ठप्पा' हमेशा मौन मतदाता का ही होता है। राजनीति के बड़े-बड़े धुरंधर बनाम सूरमा जब अपने ही सुरक्षित किलों में बुरी तरह परास्त होते हैं, तो वह बात गहरे राजनीतिक बदलाव का संकेत होती है जिससे सबको अनुभव लेकर चेतना चाहिए और जनता का हित प्राथमिकता से समझना चाहिए।

बंगाल में बरसों की सत्ता का सूर्यास्त, 'अजेय' किलों में दरार आना एवं भाजपाई ध्रुवीकरण के आगे टीएमसी का ऐसे धराशायी होना बता रहा है कि जनता से दूरी, कुर्सी का दुरूपयोग और राजनीति में 'अपराजेय' होने का मुगालता ही अक्सर सबसे बड़े पतन का कारण बनता है। बंगाल से तमिलनाडु तक के हालिया परिणाम सिर्फ सीटों का फेरबदल नहीं बल्कि भारतीय मतदाता के उस 'मौन प्रहार' या मौन बदले की गूँज हैं जो अब चेहरों की चमक से ज़्यादा कर्म की कठोरता को तौलता है।

भारतीय लोकतंत्र का इतिहास देखें तो अनेक जगह गवाही मिलेगी कि यहाँ की जनता ने कभी भी किसी को 'स्थायी पट्टा' नहीं दिया। चुनाव परिणामों की जो हालिया तस्वीर बंगाल, असम और तमिलनाडु से उभरी है, उसने न केवल राजनीतिक पंडितों को चौंकाया है बल्कि स्थापित सत्ताओं के उस अहंकार को भी झकझोरा है, जो खुद को अभेद्य दुर्ग माने हुए थे।

सबसे पहले बात पश्चिम बंगाल की, जहाँ राजनीति हमेशा से भावनाओं और विचारधाराओं का अनूठा मिश्रण रही है, लेकिन इस बार भवानीपुर जैसी पारंपरिक सीट पर ममता बनर्जी की हार और नंदीग्राम में सुवेंदु अधिकारी की दोहरी जीत ने कई मिथकों को तोड़ दिया है। भवानीपुर सीट मतलब ममता बनर्जी 'दीदी' के गढ़ में 'सुवेंदु की लहर' का चलना या नंदीग्राम और भवानीपुर—दोनों मोर्चों पर सुवेंदु अधिकारी की जीत साबित करती है, कि राजनीति में 'अपनों' का मोह और अपनों से ही मिला धोखा, दोनों ही निर्णायक 'खेला' होते हैं। इस जीत के पीछे वह 'एस.आई.आर.' फैक्टर (स्ट्रेटेजिक इंटेलीजेंस एन्ड रिस्पांस) है, जिसने गुप्त रूप से जमीनी स्तर पर काम किया।

राजनीतिक नजरिए से इसे केवल 1 'सीट का नुकसान' कहना गलत होगा; यह तो उस 'बारीक और विराट प्रबंधन' की जीत है, जिसे भाजपा के रणनीतिकारों ने वर्षों की मेहनत से तैयार किया था। यह भाजपा के महासचिव रहे कैलाश विजय-वर्गीय जैसे नेताओं के बंगाल में 5 साल पहले शुरू किए गए परिश्रम का रंग है। यह परिणाम स्पष्ट करते हैं कि कैलाश विजयवर्गीय ने 5 साल पहले नई फ़सल की उम्मीद में मेहनत से जो बीज बोए थे, उनकी जड़ें अब पत्थर फाड़कर बाहर निकल आई हैं। मतलब यह 'मेहनत और मौन' की जीत है। निश्चित रूप से जब अराजकता बढ़ती है और राजनीति में 'हट्टोल' (हंगामे) की संस्कृति पर जब मेहनत और सटीक रणनीति हावी होती है, तो परिणाम ऐसे ही चौंकाने वाले होते हैं। बंगाल के चुनाव ने स्पष्ट कर दिया कि 'बांग्ला अस्मिता' का कार्ड हर बार काम नहीं आ सकता है। आपको राज्य की जनता की चिंता करनी ही पड़ेगी। जब किसी राज्य में बेरोजगारी, उद्योगों का अभाव और युवाओं का असंतोष चरम पर हो, तो भावनाएं पेट की आग के सामने फीकी पड़ जाती हैं। यहाँ भी तो यही हुआ, आखिर भावनाओं से पेट कब तक भरेगा।

'टोलाबाजी' और परिवारवाद का बोझ भी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को ले डूबा है। दल के भीतर की कलह और परिवारवाद को जनता ने सिरे से नकारा है। राज्य में आला दर्जे की 'टोलाबाजी' यानी अवैध वसूली जैसे मुद्दों ने शासन की छवि को जो नुकसान पहुँचाया, उसकी भरपाई 'कल्याणकारी योजनाएं' भी नहीं कर सकीं। आम आदमी की इज्जत और उसकी गाढ़ी कमाई जब सत्ताई संरक्षित गुंडों के हाथों लुटती है तो जनता इसका बदला मौन रहकर 'जनादेश' में लेती है। सत्ता पक्ष को लगा, कि 'माछेर झोल' और 'मां-माटी-मानुष' के नारे भ्रष्टाचार के दाग धो देंगे, लेकिन बंगाली मानुष ने बता दिया कि उसे अब 'झालमुड़ी' वाले साधारण आदमी का संघर्ष और सुरक्षा ही चाहिए; 'माछेर झोल' की लज्जत नहीं।

हर सरकार के लिए यह परिणाम एक बड़ा सबक है कि योजनाएँ 'मत' दिला सकती हैं, लेकिन भ्रष्टाचार का दीमक उन मतों की बुनियाद को खोखला कर देता है। इसलिए, बंगाल के इस चुनावी दंगल में टीएमसी की 'माछेर झोल' की सांस्कृतिक अपील के मुकाबले भाजपा द्वारा 'झालमुड़ी' (साधारण जनता का भोजन और संघर्ष) का मुद्दा कहीं अधिक प्रभावी रहा।अब चलते हैं असम और तमिलनाडु में तो यहाँ भी जनता ने बड़ा सबक दिया है। परिवर्तन की यह बयार केवल बंगाल तक सीमित नहीं रही। विरासत के ढहते स्तंभ की यही कहानी असम के जोरहाट में भी दोहराई गई। जोरहाट सीट पर कांग्रेस के बड़े चेहरे गौरव गोगोई की करारी हार साफ इशारा है कि विरासत और कद हमेशा जीत की गारंटी नहीं होते। यहाँ हितेंद्र नाथ गोस्वामी की जीत सिद्ध करती है कि संगठन की मजबूती और स्थानीय जुड़ाव किसी भी 'मुख्यमंत्री पद के चेहरे' को चुनौती दे सकता है। हितेंद्र नाथ गोस्वामी की जीत यह रेखांकित करती है कि पूर्वोत्तर की राजनीति अब दिल्ली के ड्राइंग रूम से नहीं, बल्कि ब्रह्मपुत्र की लहरों और वहाँ के स्थानीय मुद्दों से तय हो रही है। गौरव गोगोई की हार कांग्रेस के लिए आत्मचिंतन का सबसे बड़ा विषय होना चाहिए, कि आखिर क्यों उनकी विरासत जनता से कटती जा रही है।

ऐसा ही दृश्य सुदूर दक्षिण में तमिलनाडु में भी देखने को मिला है।

**अजय जैन 'विकल्प'**

## सफलता की कहानी...

प्रवीण मालवीय

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर

उत्तर प्रदेश आज ऊर्जा क्षेत्र में एक नई पहचान बना रहा है। कभी बिजली की कमी और अनियमित आपूर्ति के लिए चर्चा में रहने वाला यह राज्य अब ऊर्जा उत्पादन, वितरण और प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज कर रहा है। इस परिवर्तन के केंद्र में मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का दूरदर्शी नेतृत्व और ऊर्जा क्षेत्र में निरंतर सुधारों को प्राथमिकता देने वाली नीतियां रही हैं। इसी क्रम में मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में मार्च 2026 के प्रथम सप्ताह में घाटमपुर तापीय विद्युत परियोजना की 660 मेगावाट क्षमता वाली यूनिट-3 का सफल सिंक्रोनाइजेशन करते हुए एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई है।

यह उपलब्धि केवल एक तकनीकी सफलता नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र में हो रहे व्यापक बदलाव का प्रतीक है। घाटमपुर परियोजना, जो कि नेवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड द्वारा संचालित है, राज्य और केंद्र सरकार के समन्वित प्रयासों का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह परियोजना एनएलसी इंडिया लिमिटेड और उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम के रूप में विकसित की जा रही है, जिसमें आधुनिक तकनीक और उच्च गुणवत्ता के मानकों का विशेष ध्यान



रखा गया है। घाटमपुर परियोजना की यूनिट-3 का 765 केवी ग्रिड से सफल सिंक्रोनाइजेशन प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। इससे न केवल विद्युत उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि प्रदेश के लाखों उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। अनुमान है कि परियोजना के पूर्ण रूप से संचालित होने पर प्रतिदिन लगभग 47.52 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन होगा, जो प्रदेश की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने ऊर्जा क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए उत्पादन क्षमता बढ़ाने, वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ करने और तकनीकी आधुनिकीकरण पर विशेष जोर दिया है। इसका परिणाम यह है कि आज उत्तर प्रदेश की कुल स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता निरंतर बढ़ रही है और घाटमपुर परियोजना की नई इकाई के जुड़ने से यह लगभग 13,388 मेगावाट तक पहुंचने की संभावना है। यह भी उल्लेखनीय है कि घाटमपुर परियोजना की यूनिट-1 और यूनिट-2 पहले ही क्रमशः दिसंबर 2024 और दिसंबर 2025 से सफलतापूर्वक संचालन में हैं। यह परियोजना चरणबद्ध तरीके से प्रगति कर रही है, जो सरकार की योजनाबद्ध कार्यशैली और प्रतिबद्धता को दर्शाती है। ऊर्जा क्षेत्र में इस प्रकार की निरंतर प्रगति उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत आधार तैयार कर रही है।

ऊर्जा उत्पादन के साथ-साथ राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी पूरी तरह सजग है। घाटमपुर परियोजना में एफजीडी (थ्सनम ळें क्मेनसचीनतप्रंज-पवद) और एससीआर ;ैमसमबजपअम बंजंसलजपब त्मकनबजपवद) जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे प्रदूषण नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके। इसके अतिरिक्त श्र्मतव स्पुनपक क्पेबींतहमश् प्रणाली के माध्यम से जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन को भी प्राथमिकता दी जा रही है। उत्तर प्रदेश विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करते हुए आगे बढ़ रहा है।

प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने प्रदेश के लिए इस उपलब्धि को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। राज्य सरकार उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। ऊर्जा विभाग लगातार सुधारों और नवाचारों के माध्यम से अपनी कार्यक्षमता बढ़ा रहा है।

ऊर्जा क्षेत्र में यह प्रगति केवल बिजली उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा प्रभाव औद्योगिक विकास, निवेश आकर्षण और रोजगार सृजन पर भी पड़ रहा है। पर्याप्त और स्थिर विद्युत आपूर्ति किसी भी राज्य के आर्थिक विकास की आधारशिला होती है, और उत्तर प्रदेश इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## भाजपा का...

कमलेश पांडेय

# सम्राट चौधरी सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार के राजनीतिक निहितार्थ को समझिए

बिहार में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के मंत्रिमंडल विस्तार के कई गहरे राजनीतिक मायने हैं। यह केवल सत्ता संचालन का मामला नहीं बल्कि 2029 लोकसभा और आगामी बिहार विधानसभा चुनावों की व्यापक रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी ने इसे राष्ट्रीय स्तर का शक्ति प्रदर्शन बना दिया। पश्चिम बंगाल और असम में भाजपा को मिली अभूतपूर्व विजय से बिहार का महत्व और भी बढ़ चुका है क्योंकि पश्चिम, उत्तर, मध्य भारत के बाद पूर्वी भारत में भाजपा ने गजब का विस्तार किया है। इसे बरकरार रखने में बिहार की अहम भूमिका होगी।

राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, सम्राट मंत्रिमंडल विस्तार का सबसे बड़ा राजनीतिक संदेश यह है कि बिहार में भाजपा अब "सहयोगी दल" नहीं बल्कि "मुख्य धुरी" बनना चाहती है। यही वजह है कि वह एनडीए के सामाजिक समीकरणों को फिर से पुनर्गठित कर रहा है। खासकर 'नीतीश युग' से 'सम्राट युग' की ओर नियंत्रित लेकिन सधे हुए कदमों से वह कदमताल भर रही है, जिसका सारा श्रेय मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साहस, समर्पण, और सहृदयता को जाता है जिससे मोदी-शाह का काम आसान हुआ।

देखा जाए तो भाजपा आम चुनाव 2029 की राजनीति की नींव अभी से रखी जा रही है। इसके लिए नीतीश सरकार के जातीय समीकरण को अक्षुण्ण रखते हुए सामाजिक न्याय और हिंदुत्व को नई धार दे चुकी है। इससे बिहार विधानसभा चुनाव 2030 में भी बहुत फायदा मिलेगा। वहीं, पूर्वी भारत के लिए भविष्य की चुनौतियों से निपटने और खासकर ग्रेटर बंगलादेश के सपनों को नेस्तनाबूद करने की अंदरूनी तैयारी भी भाजपा ने तेज कर दी है, जिसमें बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा असम, के



अलावा त्रिपुरा, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर आदि की भी अहम भूमिका रहेगी।

लिहाजा, बिहार में सम्राट सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार के अहम मायने इस प्रकार हैं-

पहला, भाजपा का "नया बिहार नेतृत्व" स्थापित करने की कोशिश और उसके निमित्त जारी जद्दोजहद

युवा और कर्मठ राजनेता सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने बिहार में "पोस्ट-नीतीश युग" की शुरुआत का संकेत दिया है, लेकिन अब मंत्रिमंडल विस्तार के जरिए पार्टी नेतृत्व द्वारा यह संदेश दिया गया है कि पार्टी बिहार में अपना स्वतंत्र नेतृत्व खड़ा कर रही है। इसमें नए और आक्रामक राजनीतिक चेहरों को जगह दी गई है। विभागों का बंटवारा भी काफी सूझबूझ से किया गया है। इसका श्रेय टीम मोदी-शाह-चौधरी को ही जाता है।

दूसरा, गोविंदाचार्य के यूपी सोशल इंजीनियरिंग का बिहार में अबतक का बड़ा प्रयोग

सम्राट कैबिनेट के गठन में राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण ओबीसी, ईबीसी, दलित, महादलित, सवर्ण, निषाद, कुशवाहा, पासवान और क्षेत्रीय संतुलन का विशेष ध्यान रखा गया है।

# मुख्यमंत्री सहभागिता योजना निराश्रित गोवंश संरक्षण से आत्मनिर्भरता की इबारत लिख रहीं अलीगढ़ की महिलाएं

उत्तर प्रदेश एक कृषि प्रधान प्रदेश है, जहाँ की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मूल ढांचा पारंपरिक रूप से खेती और पशुपालन पर टिका हुआ है। वर्तमान समय में ग्रामीण क्षेत्रों के समक्ष निराश्रित गोवंश का प्रबंधन एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है, जिससे न केवल फसलों की सुरक्षा प्रभावित होती है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक संतुलन पर भी दबाव पड़ता है। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 'मुख्यमंत्री निराश्रित/बेस-हारा गोवंश सहभागिता योजना' एक ऐसी दूरदर्शी पहल सिद्ध हो रही है, जो पशु संरक्षण के साथ-साथ आर्थिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में निर्णायक भूमिका निभा रही है। यह योजना केवल पशुओं को आश्रय देने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका विस्तार ग्रामीण परिवारों, विशेषकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तक है। मिशन शक्ति 5.0 के साथ इस योजना का एकीकरण महिला सशक्तिकरण की अवधारणा को धरातल पर चरितार्थ कर रहा है।

योजना की संरचना को इस प्रकार तैयार किया गया है कि यह व्यावहारिक और सुलभ बनी रहे। इसके अंतर्गत स्थानीय सरकारी गोशालाओं में संरक्षित बेसहारा गोवंश को इच्छुक किसानों, पशुपालकों या आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सौंपा जाता है। पशुपालक की जिम्मेदारी पशु के उचित भरण-पोषण और सुरक्षा की होती है। इसके प्रतिफल के रूप में सरकार द्वारा पशुपालक को 50 प्रतिदिन प्रति गोवंश के हिसाब से आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जो प्रति माह लगभग 1500 होती है। इस वित्तीय सहायता की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी 'डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर' (डीबीटी) प्रणाली है, जिसके माध्यम से यह राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में बिना किसी मध्यस्थ के पहुँचती है। एक व्यक्ति अधिकतम चार गोवंश प्राप्त कर सकता है, जिससे उसे मासिक रूप से एक सम्मानजनक आर्थिक संबल प्राप्त होता है। अलीगढ़ जिले में इस योजना के क्रियान्वयन ने एक नई मिसाल पेश की है। जिला प्रशासन ने योजना को 'मिशन शक्ति' अभियान से जोड़ते हुए महिलाओं को आर्थिक मोर्चे पर नेतृत्व प्रदान करने का अवसर दिया है।

## जरा हटके

## विजय की पार्टी के...

राजेश श्रीवास्तव

# राहुल के खाते में 99वीं हार : दो दशक से कांग्रेस की राजनीति के केंद्र

करीब दो दशकों से राहुल गांधी राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में बने हुए हैं और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रमुख नेता के तौर पर लगातार सक्रिय रहे हैं। मार्च 2004 में राजनीति में प्रवेश के बाद से उन्होंने कई लोकसभा और विधानसभा चुनावों में पार्टी के अभियान की कमान संभाली, लेकिन चुनावी नतीजों को लेकर उनके नेतृत्व पर लगातार सवाल उठते रहे हैं। उन्हें देशभर में 99 बार हार का सामना करना पड़ा है। जनता लगातार उनके नेतृत्व को नकारती रही है।

केरल, पुदुचेरी, पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु में हुए विधानसभा चुनाव में केरल को छोड़कर बाकी राज्यों में कांग्रेस के हाथ निराशा लगी। कांग्रेस को केरल में 63, पश्चिम बंगाल में केवल दो, असम में 19, पुदुचेरी में एक सीटें और तमिलनाडु में पांच सीटें मिली।

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के परिणाम कांग्रेस के लिए किसी बड़े राजनीतिक सदमे से कम नहीं हैं। केरल को छोड़कर, जहां वाम मोर्चे के खिलाफ दस साल की एंटी-इनकंबेंसी के चलते कांग्रेसनीत यूडीएफ की जीत पहले से ही तय मानी जा रही थी, शेष चार राज्यों के नतीजों ने पार्टी की सांगठनिक कमजोरियों की पोल खोलकर रख दी है। इन नतीजों ने साफ कर दिया है कि कांग्रेस न तो अपनी पुरानी गलतियों से सबक ले रही है और न ही जोखिम उठाकर नई रणनीति बनाने का साहस दिखा पा रही है। यह न केवल कांग्रेस, बल्कि पूरे इंडिया ब्लॉक के लिए करारा झटका है, जिससे उबरना उसके लिए काफी मुश्किल होगा।

पश्चिम बंगाल और असम में कांग्रेस ने जैसा प्रदर्शन किया, वह काफी हद तक अपेक्षित भी था, लेकिन



तमिलनाडु के नतीजों ने कांग्रेस नेतृत्व की भारी रणनीतिक खामियों को उजागर कर दिया है। अचरज तो इस बात को लेकर है कि पार्टी नेतृत्व राज्य में द्रमुक के खिलाफ पनप रहे सत्ता विरोधी रुझान को भांपने में हर स्तर पर विफल रहा। कांग्रेस के आंतरिक सर्वे भी राज्य में अभिनेता विजय की नई पार्टी 'तमिलगा वेत्री कझगम' (टीवीके) के एक मजबूत ताकत के रूप में उभरने के संकेत दे रहे थे। कांग्रेस के पास टीवीके के साथ गठबंधन करने का तब एक सुनहरा अवसर भी था, जब खुद विजय के पिता एसए चंद्रशेखर ने साल की शुरुआत में स्वयं गठबंधन करने का प्रस्ताव दिया था।

विजय की पार्टी के साथ चुनावी तालमेल करने की जोरदार पैरवी करने वाले कांग्रेस नेता प्रवीण चक्रवर्ती ने चुनाव नतीजों के तुरंत बाद एक टीवी चैनल पर कहा भी कि हमने राज्य में एक बड़ा मौका गंवा दिया। उनके मुताबिक, अगर राज्य में कांग्रेस और टीवीके के बीच गठबंधन होता तो राहुल गांधी और विजय की जोड़ी राज्य में दो-तिहाई बहुमत के साथ सत्ता में आती। बकौल चक्रवर्ती, राज्य के युवा मतदाता बदलाव चाहते थे। ज्योति मणि और मणिकम टैगोर जैसे युवा कांग्रेसी सांसद भी पुराने गठबंधन को छोड़कर टीवीके के साथ जाने के पक्ष में थे। लेकिन पार्टी के वरिष्ठ नेता पुरानी वफादारी पर अड़ गए। राहुल गांधी और केंद्रीय नेतृत्व ने भी पी चिदंबरम जैसे कुछ दिग्गज कांग्रेस नेताओं की सलाह को तरजीह दी और टीवीके के साथ गठबंधन करने का साहस नहीं दिखा पाए।

# जीवन में वर्धमानता का प्रयास हो

हमारे जीवन में हमारे भारत की आध्यात्मिक विरासत का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है । यथा ध्यान पद्धति का ही बहुमान देखें। भगवान् महावीर, गौतम बुद्ध और वैदिक काल में ऋषि-मुनियों से लेकर आज तक जिसने भी मन को नियंत्रित करने के बारे में सोचा जीवन के सत्य को समझने का मन बनाया उन्होंने ध्यान का ही सहारा लिया। ध्यान केवल मन को शांत करने का तरीका ही नहीं है अपितु मनःशक्ति संवर्धन का तरीका भी है। हम जब ध्यान करते हैं तो विचारों की उच्छृंखलता को नियंत्रित और अंतर की ऊर्जा को केंद्रित करते हैं। हमको ध्यान करने से न केवल मानसिक शांति मिलती है बल्कि हमारे जीवन में ज्ञान, दर्शन, चारित्र आदि में वर्धमानता भी बढ़ती है और बौधिक विकास के साथ-साथ विचार स्पष्ट होते हैं। फलतः हम बेहतर निर्णय ले पाते हैं। अतः हम रोज कुछ ध्यान नियमित करें और सुविचारों का संज्ञान लें । हर काम की सफलता में धैर्य अनिवार्य है। जैसे एक बीज को पौधा बनने में समय लगता है ,वैसे ही हमारे प्रयासों को भी फलित होने में समय लगता है । आरोग्य, बोधि और समाधि ये तीन ऐसे तत्व हैं जो व्यक्ति को सिद्धावस्था तक पहुंचा सकते हैं । साधना के क्षेत्र में आरोग्य-शारीरिक और मानसिक स्वस्थता आवश्यक होती हैं। बोधि अर्थात् व्यक्ति सम्यक् ज्ञान और सम्यक् दर्शन संपन्न बनें और उस चारित्र की प्राप्ति हो जाए । समाधि अर्थात् चित्त की स्वस्थता , समाधान । वह जब व्यक्ति को ये तीनो सूत्र प्राप्त हो जाते हैं तो उसकी गुणात्मकता प्रवर्धमान हो सकती हैं । वह एक दिन मोक्ष को प्राप्त कर सकता हैं । जब तक क्षीण मोह यथाख्यात चारित्र की प्राप्ति न हो जाए, हम ज्ञान और दर्शन में वर्धमान रहें और चारित्र में भी वर्धमान रहें । चारित्र के पांच प्रकार बताए गए हैं- सामायिक, छेदोपस्थानीय , परिहार विशुद्धि, सूक्ष्म संपराय और यथाख्यात चारित्र । इन पांचों में सर्वश्रेष्ठ चारित्र यथाख्यात चारित्र होता हैं । यथाख्यात चारित्र दो प्रकार का हो सकता हैं- 1. क्षीणमोह यथाख्यात चारित्र और 2.उपशांत मोह यथाख्यात चारित्र । उपशांत मोह यथाख्यात चारित्र ग्यारहवें गुणस्थान में और क्षीणमोह यथाख्यात चारित्र बारहवें, तेरहवें और चौदहवें गुणस्थान में होता हैं । वर्तमान में इस भरत क्षेत्र में सामायिक और छेदोपस्थानीय ये दो ही चारित्र हो सकते हैं , इनकी भी निर्मलता, उज्जवलता अच्छी रहनी चाहिए ।

**> प्रदीप छाजेड़**

# परिवार को सिर्फ हड्डियां मिलीं | प्रयागराज में मां बोली- एक के बदले 4 जान चाहिए

# गर्लफ्रेंड को मारकर फेंका जानवर पूरा शरीर खा गए



वारदात

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज । प्रयागराज में 17 साल के लड़के ने 9वीं में पढ़ने वाली गर्लफ्रेंड की हत्या कर दी। 17 दिन तक लाश झाड़ियों में पड़ी सड़ती रही। पूरा शरीर जानवर खा गए। छात्रा के घरवाले पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे तो उन्हें शव के नाम पर बेटी के कपड़े और हड्डियां ही मिलीं। शव का इतना बुरा हाल था कि उसे देख मां सुनीता पाल बेहोश हो गईं। होश आने के बाद चीखती रहीं। कहा- 'बदला चाहिए। एक जान गई है, बदले में चार जान चाहिए। कातिल के साथ उसके घरवालों और मामा की जान चाहिए। बॉयफ्रेंड के हाथों मारी गई खुशी पाल की बड़ी बहन खुशबू ने कहा, 'हत्यारे को फांसी होनी चाहिए। पूरे परिवार ने मिलकर मर्डर कराया है।' खुशबू ने कहा कि मैं चाहती हूं कि फांसी हो...और कुछ नहीं। उसकी फैमिली भी उसी लायक है। लड़के के मामा, मामी, मम्मी, पापा सब इस हत्याकांड में शामिल हैं। आरोपी और लड़की के पुश्तैनी घर के बीच की दूरी करीब 30 किलोमीटर है। दोनों की दोस्ती इंस्टाग्राम पर हुई। फिर मिलने का बहाना तलाशने लगे।



तस्वीर खुशी की हैं, जिसकी हत्या कर लाश झाड़ियों में फेंक दी गई।

## छात्र के घरवाले भागे, पड़ोसियों को यकीन नहीं

आरोपी छात्र के गिरफ्तार होने के बाद से पिता सुरेश वर्मा, मां सीमा और छोटा भाई अपूर्व भागे हुए हैं। घर पर ताला लगा है। घर के आसपास रहने वाले रिश्तेदार और पड़ोसी विश्वास नहीं कर पा रहे हैं कि इंटर में पढ़ने वाला लड़का इतना जघन्य हत्याकांड अंजाम दे सकता है। आरोपी के पिता सुरेश खुद का ऑटो चलाते हैं। पड़ोसी संजीव वर्मा ने कहा कि पूरा गांव जानता है कि वह सीधा लड़का था। मर्डर कर देगा, यह किसी ने नहीं सोचा था। संजीव का कहना है कि हमेशा अपने काम से काम रखता था। लोगों से ज्यादा बातचीत नहीं करता था।

## एफआईआर में जिस रिया का नाम, वो थाने में रोती रही

खुशी पाल जब घर से भागी थी तो उसकी मां सुनीता पाल ने प्रेमी के साथ ही रिया पटेल नाम की लड़की को नामजद किया था। हत्याकांड से पर्दा उठने के बाद पुलिस ने रिया को भी हिरासत में ले लिया है। उससे लंबी पूछताछ हुई है। पकड़े जाने पर रिया थाने में रोती रही।

> खुशी की बहन मुस्कान ने बताया, एक महीने पहले हम लोगों को दोनों के अफेयर के बारे में जानकारी हुई थी। हमारे परिवार ने लड़के को समझाया था। तब उसने मुझसे कहा था कि अपनी बहन से कह देना या तो मुझे चुने या परिवार को चुन ले। मेरी बहन को मारने वाले को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

## लव स्टोरी में दोस्त रिया का अहम रोल

खुशी की बहन खुशबू का कहना है कि रिया पटेल आरोपी की क्लासमेट है। आरोपी ने उसे अपनी मुंहबोली बहन बनाकर खुशी से मिलवाया था। खुशी से हर समय बातचीत, मिलना-जुलना रिया के जरिए ही होता था। खुशी ने मोबइल में रिया का नंबर सेव कर रखा था।

# पुरुषोत्तम मास मेले की व्यवस्थाओं को लेकर बैठक हुई सम्पन्न

तमसा संकेत, संवाददाता



बाराबंकी। तहसील रामनगर क्षेत्रान्तर्गत महोदवा स्थित श्री लोधेश्वर महादेव मंदिर पर आयोजित होने वाले पुरुषोत्तम मास (अधिमास) मेले के दृष्टिगत जिलाधिकारी के निर्देश पर शुक्रवार को लोक सभागार कलेक्ट्रेट बाराबंकी में अपर जिलाधिकारी (वि/रा) द्वारा विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि पुरुषोत्तम मास दिनांक 17 मई 2026 से प्रारम्भ होकर 16 जून 2026 तक आयोजित रहेगा, जिसमें प्रदेश एवं देश के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है। विशेषकर प्रत्येक सोमवार को श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ रहती है तथा रविवार सायंकाल से ही दर्शनार्थियों का आवागमन प्रारम्भ हो जाता है। बैठक में मेले के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन हेतु विभिन्न व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। अपर जिलाधिकारी ने बैरीकेटिंग, टेंटेज एवं अस्थायी विद्युत व्यवस्था, पार्किंग एवं बैरियर व्यवस्था, बोहनिया एवं अभरण तालाब की साफ-सफाई, मेला परिसर की स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाएं, पेयजल व्यवस्था तथा खाद्य पदार्थों की जांच को समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त पुलिस, सुरक्षा एवं सीसीटीवी व्यवस्था, मार्ग परिवर्तन योजना, विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था, मोबाइल शौचालय, खोया-पाया केन्द्र तथा मेला परिसर में विक्रय की जाने वाली सामग्री के रेट निर्धारण की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई।

> श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

## फास्ट न्यूज

### बुर्का पहने महिला ने मंगलसूत्र काटने का प्रयास किया

गाजीपुर । गाजीपुर के भीड़भाड़ वाले आलम पट्टी बाजार में एक बुर्का पहने महिला पर दिनदहाड़े मंगलसूत्र चोरी करने का प्रयास करने का आरोप लगा है। भीड़ ने आरोपी महिला को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया, जिसके बाद पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

यह घटना आलम पट्टी बाजार में हुई, जहां अभईपुर निवासी सरोज देवी खरीदारी कर रही थीं।

### बिजली विभाग का क्लर्क 30 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

वाराणसी । वाराणसी में उपभोक्ता के बिल में हेरफेर और कम भुगतान का बिल जनरेट कराने के नाम पर 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते क्लर्क को एंटी करप्शन की टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी क्लर्क सौरभ जैन मंडुवाडीह क्षेत्र के मड़ौली स्थित अधिशासी अभियंता ऑफिस में तैनात था। पीड़ित की सूचना पर एंटीकरप्शन की टीम ने जाल बिछाया तो आरोपी भागने की कोशिश करने लगा लेकिन मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने क्लर्क को दबोच लिया। इसके बाद उसे लालपुर पांडेपुर थाने लाया गया, जहां इंस्पेक्टर एंटी करप्शन की तहरीर पर केस दर्ज किया जाएगा।

### गोरखपुर में युवक ने मंदिर के कुएं में लगाई छलांग

गोरखपुर । गोरखपुर में शुक्रवार सुबह कोतवाली थाना क्षेत्र के दिलेजाकपुर इलाके में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक युवक ने शिव मंदिर परिसर के कुएं में कूदकर जान देने की कोशिश की। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जिसके बाद करीब 2 से 3 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

# बिना अनुमति खोद डाली नाली, ठप्प निर्माण कार्य से भड़का जनाक्रोश

तमसा संकेत, संवाददाता



पयागपुर। नगर पंचायत पयागपुर की लापरवाही और बिना योजना शुरू कराए गए नाली निर्माण कार्य ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। वार्ड नंबर 12 के निकट मसूदपुर चौराहा के पास नाली निर्माण के नाम पर गहरा गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है, जो अब लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। पिछले करीब एक सप्ताह से निर्माण कार्य पूरी तरह ठप्प पड़ा हुआ है, जबकि सड़क किनारे और मुख्य मार्ग पर फैला मलवा राहगीरों के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। यह मार्ग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और ब्लॉक मुख्यालय जाने का प्रमुख रास्ता है, जहां प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता है। स्थानीय लोगों में नगर पंचायत के खिलाफ भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। पड़ोस में रहने वाले प्रदीप जायसवाल, अरुण कुमार तिवारी, गोविन्द शुक्ला और आशीष कुमार सिंह ने बताया कि बिना उचित योजना और विभागीय अनुमति के खुदाई शुरू करा दी गई, लेकिन अब कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। जानकारी के अनुसार जिस स्थान पर खुदाई की गई है वहां पहले से नाली बनी हुई थी, लेकिन जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं थी। समस्या का समाधान करने के बजाय पुरानी नाली तोड़कर चौड़ी खुदाई करा दी गई। सूत्रों के मुताबिक पीडब्ल्यूडी विभाग ने निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है और विभाग का कहना है कि संबंधित भूमि पीडब्ल्यूडी के अधीन आती है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि आखिर बिना अनुमति निर्माण कार्य कैसे शुरू करा दिया गया। अधूरी खुदाई और सड़क पर पड़ा मलवा अब बड़े हादसे को दावत दे रहा है।

## ट्रांसपोर्टर से दिनदहाड़े 82 हजार और चेन लूटी

सारनाथ, वाराणसी। वाराणसी के शिवपुर थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े एक ट्रांसपोर्टर से मारपीट कर 82 हजार रुपए नकद और सोने की चेन लूट ली गई। यह घटना चांदमारी अंडरपास के पास हुई, जो एक पुलिस चौकी से कुछ ही दूरी पर है। बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गए।

चोलापुर, वाराणसी के अल्लोपुर अमरपट्टी निवासी ट्रांसपोर्टर अनुज सिंह पुत्र अवधेश सिंह ने शिवपुर पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह दोपहर करीब 1 बजे चांदमारी स्थित अपनी बहन के ससुराल गए थे। बहन को छोड़कर घर लौटते समय चांदमारी अंडरपास के पास एक टाटा पंच कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जब अनुज सिंह ने इसका विरोध किया, तो कार सवार चार युवकों ने उन पर हमला कर दिया। बदमाशों ने लात-घूंसों और पाइप से मारपीट की, जिससे अनुज लहूलुहान हो गए। हमलावरों ने उनके गले से सोने की चेन और जेब से 82 हजार रुपये छीन लिए और सिंधोरा की ओर फरार हो गए।

# मंडी परिषद सतांव में सुंदरकांड एवं संगीतमय पाठ का आयोजन सम्पन्न

# उद्यान मंत्री ने नवीन उपमंडी स्थल का किया उद्घाटन

तमसा संकेत, संवाददाता







रायबरेली/लखनऊ। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह द्वारा जनपद रायबरेली के किसानों की सेवा के क्रम में दो बड़ी मंडिया ऊंचाहार और सतांव एवं जिला पंचायत द्वारा लगभग 50 करोड़ की लागत से 150 परियोजनाओं जो कि निर्मित/निर्माणाधीन सड़कों के लोकार्पण/शिलान्यास किया गया।

उद्यान मंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऊंचाहार और सतांव मंडी के बन जाने से जो किसान 40 से 50 किलोमीटर तक अपनी उपज को विक्रय करने के लिए ले जाते थे उन्हें अब 2 से 3 किलोमीटर में ही क्रय विक्रय स्थल उपलब्ध हो गया।

उन्होंने कहा कि हरचंदपुर विधानसभा की 100 से अधिक सड़कों के लोकार्पण एवं शिलान्यास से देवतुल्य जनता की समस्याओं का उन गांव में समाधान हुआ है जहां सड़कों के निर्माण हुए। ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगल को मंडी परिषद सतांव में सुंदरकांड एवं संगीतमय पाठ का आयोजन सम्पन्न हुआ। तदुपरांत उपस्थित लोगों द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। आज जिन योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है, उनसे क्षेत्र के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी तथा आमजन को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, पूर्व विधायक राकेश सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप यादव, सुशील शर्मा, सुरेंद्र दाढ़ी, विनोद वाजपेई, पप्पू लोहिया, मंडी परिषद के मुख्य अभियंता एवं उपनिदेशक सहित बड़ी संख्या में जनमानस उपस्थित रहे।

> उद्यान मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें बेहतर विपणन सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। नवीन उपमंडी स्थल के प्रारंभ होने से स्थानीय किसानों को अपनी उपज के विक्रय के लिए सुलभ और व्यवस्थित मंच मिलेगा, जिससे उन्हें उचित मूल्य प्राप्त होगा और बिचौलियों पर निर्भरता कम होगी।

# इनकम टैक्स इंस्पेक्टर ने की खुदखुशी

## ऑफिस बंद हो चुका था, स्कूटर से आए और 7वीं मंजिल से छलांग लगा दी

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा । आगरा में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के रिकवरी इंस्पेक्टर ने गुरुवार की शाम 6 बजे ऑफिस की सातवीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। इंस्पेक्टर की पहचान 48 साल के सुरेश चंद्र मौर्य के रूप में हुई।

शाम 5 बजे ऑफिस बंद हो चुका था। कर्मचारी भी जा चुके थे। इसके बाद सुरेश मौर्य स्कूटर से आए। उन्होंने गाड़ी पार्किंग में खड़ी की, फिर ऑफिस के अंदर चले गए। उस वक्त गेट पर गार्ड लोकेंद्र मौजूद था। 15 मिनट बाद बिल्डिंग से किसी के गिरने की आवाज आई। गार्ड दौड़कर पहुंचा तो उसे फर्श पर सुरेश पड़े मिले। उनकी मौत हो चुकी थी।

2022 में सुसाइड अटेम्प्ट किया था। उस टाइम उन्होंने जहर खाया था। तब उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया था। साथी कर्मचारियों ने बताया- सुरेश चंद्र किसी से ऑफिस में बात नहीं करते थे। वह बिल्कुल अकेला रहना पसंद करते थे। उनकी कोई परिवारिक समस्या थी। आज ऑफिस में 2:00 बजे तक ही काम हुआ था। विरोध प्रदर्शन के चलते 2 बजे के बाद काम ठप कर दिया गया था। इसके बाद ऑफिस में कोई नहीं था।

डीसीपी सिटी सय्यद अली अब्बास ने बताया- सुरेश चंद मौर्या पहले स्टेनो थे। प्रमोशन के बाद आयकर निरीक्षक बन गए थे। वह गुरुवार को ड्यूटी पर भी नहीं आए थे। शाम को 5:30 बजे परिजन से कहा था कि काम से ऑफिस जा रहा हूं। आशंका है कि उन्होंने सातवीं मंजिल से कूदकर जान दी है। इसके पीछे पारिवारिक कलह बताई गई है। वह तनाव में रहते थे। उनका डॉक्टर यूसी गर्ग से उपचार भी चल रहा था।



सुरेश चंद्र मौर्य, इनकम टैक्स इंस्पेक्टर

> गार्ड लोकेंद्र ने बताया, हर दिन सुरेश मौर्य अपनी वैगनआर कार से आते थे। मगर, आज शाम 5.45 बजे वह अपनी एक्टिवा से आए थे। करीब 15 मिनट बाद सुरेश मौर्य खून से लथपथ फर्श पर पड़े थे।

## 28 साल से आगरा में थी तैनाती

इंस्पेक्टर सुरेश चंद्र मौर्य, पत्नी अलका और दो बच्चों के साथ शास्त्रीपुरम में रहते थे। बेटी दिल्ली में रहकर UPSC की तैयारी कर रही है। बेटा सूरज बीटेक कर रहा है। पुलिस की सूचना पर पत्नी अल्का और बेटा सूरज मौके पर पहुंचे। अल्का का रो-रोकर बुरा हाल है।

इंस्पेक्टर सुरेश 28 साल से आगरा में तैनात थे। उन्हें पहली पोस्टिंग यहीं मिली थी। आगरा में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट का ऑफिस थाना हरिपर्वत स्थित संजय प्लेस में है। सुरेश की मौत की खबर पाकर साथी कर्मचारी भी पहुंचे। उनका कहना है कि सुरेश मानसिक तनाव से जूझ रहे थे।

## भाई-बहन सहित 3 की मौत, बोलेरो से बाहर लटका शव

गोरखपुर। गोरखपुर में हुए एक भीषण सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हो गए। हादसा इतना भयानक था कि बोलेरो बुरी तरह पिचक गई। एक बुजुर्ग का शव गाड़ी के बाहर लटक गया, जबकि भाई-बहन के शव गाड़ी के अंदर फंस गए। बताया जा रहा है कि नीलगाय को बचाने के प्रयास में बोलेरो डिवाइडर से टकरा गई। इसके बाद गाड़ी उछलते हुए दूसरे लेन में चली गई और फिर 100 मीटर तक घिसटते हुए किनारे खड़े रोड रोलर से जा भिड़ी। यह हादसा गुरुवार रात करीब 9:30 बजे जिला मुख्यालय से करीब 44 किमी दूर गगहा थाना क्षेत्र में हुआ। बोलेरो सवार लोग किसी कार्यक्रम से लौट रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया। वहीं, तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया।

# थोक औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों एवं गोदामों का स्थलीय सत्यापन

तमसा संकेत, संवाददाता



बाराबंकी । आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0 के निर्देश एवं जिलाधिकारी बाराबंकी के आदेश के क्रम में जिला औषधि निरीक्षक राजिया बानो द्वारा समस्त थोक औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों एवं गोदामों का स्थलीय सत्यापन एवं निरीक्षणों का निरन्तर जनपद में विशेष प्रर्वतन अभियान चलाया जा रहा है जिसके अर्न्तगत अबतक 34 प्रतिष्ठानों का सत्यापन एवं 23 औषधियों (एलोपैथिक, जानवरों एंव कॉस्मेटिक) के नमूने संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया। प्रतिष्ठानों के सर्वे के संदर्भ में आज दिनांक- 08 मई 26 को जंहागीराबाद स्थित वर्मा मेडिकल स्टोर, टेरा दौलतपुर, सदरूददीनपुर स्थित वीरेन्द्र मेडिकल स्टोर, एवं अयोध्या वर्मा मेडिकल स्टोर, एवं वर्मा मार्केट शाहबपुर स्थित प्रज्ञा फार्मा का निरीक्षण किया गया, दौरान निरीक्षण प्रतिष्ठान का औषधि लाइसेन्स, लाइसेन्स के प्रकार, प्रतिष्ठान का किरायानामा/भवन स्वामी का वैध अभिलेख, प्रतिष्ठान में जाने का मार्ग भण्डारण हेतु प्रयाप्त व्यवस्था, फार्मासिस्ट/कॉम्पीटेन्ट पर्सन की उपस्थिति, इत्यादि की जांच सुनिश्चित की गयी। कोडिनयुक्त कफ सिरप एवं नारकोटिक्स औषधियों की सघन जांच की जा रही है, जाँच के उपरांत प्रतिष्ठान में पाई गई कमियों को निरीक्षण आख्या में अंकित कर कारण बताओ नोटिस जारी करने हेतु सहायक आयुक्त (औषधि) अयोध्या मण्डल अयोध्या को प्रेषित किया गया, साथ हीं एक प्रतिष्ठान वीरेन्द्र मेडिकल स्टोर पर फर्म के फार्मासिस्ट एवं प्रोपराइटर की अनुपस्थिति होने के कारण फार्मासिस्ट एवं प्रोपराइटर का सत्यापन कराने तक औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 22(1)(क) के तहत शिड्यूल औषधियों के क्रय विक्रय पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दिया गया है।

## वारदात : नोएडा में लाश तालाब में फेंकी, पकड़ा गया तो खुद गले में चाकू मारे

# पिता ने की इकलौते बेटे की हत्या

तमसा संकेत, एजेंसी

गौतम बुद्ध नगर । ग्रेटर नोएडा में पिता ने अपने 13 साल के इकलौते बेटे की गला दबाकर हत्या कर दी। शव को घर से दूर सड़क किनारे तालाब में फेंक दिया। घर आकर झूठी कहानी गढ़ दी कि बेटा लापता हो गया है।

पुलिस ने जांच शुरू की और परिवार ने आसपास के CCTV खंगाले तो बेटा आखिरी बार पिता के साथ ही दिखा। बावजूद इसके वह पुलिस को गुमराह करता रहा। कुछ देर बाद सूचना मिली कि बच्चे का शव तालाब में मिला है।

पुलिस ने सख्ती की पिता ने हत्या की बात कबूली। इस दौरान उसने चाकू से खुद के गले पर वार करके सुसाइड करने की भी कोशिश की। लोगों ने चाकू छीनकर उसे रोका। फिलहाल अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।

आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि संपत्ति विवाद में भाइयों को फंसाने के लिए उसने वारदात को अंजाम दिया। मामला बुधवार को कासना थाना क्षेत्र के सिरसा गांव का है। इस बीच मोहल्ले के कुछ लोगों को पास के तालाब में एक लाश उतराती दिखी। पुलिस तक बात पहुंची तो लाश बाहर निकाली गई। परिवार वालों ने लाश देखी तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। सख्ती से पूछताछ करने पर प्रदीप ने बताया कि मैंने पहले बेटे का गला दबाकर हत्या की। फिर शव को तालाब में फेंक दिया, ताकि मामला अपहरण या हत्या का लगे। मैं अपने भाइयों से जमीन विवाद का बदला लेना चाहता था।





## चाचा ने भतीजे के लापता होने की शिकायत पुलिस से की

इस बीच प्रदीप के भाई ने भतीजे के गुमशुदा होने की शिकायत पुलिस में दर्ज करा दी। पुलिस ने घर और आसपास के CCTV खंगाले तो आखिरी बार सुधांशु अपने पिता के साथ जाता दिखा।

पुलिस पूछताछ में प्रदीप बार-बार बयान बदल रहा था। कभी कहता कि बेटे को दोस्त के घर पर छोड़ा था तो कभी रिश्तेदार के घर पर होने की बात कहता। उसने बताया कि बेटे को गुलिस्तानपुर गांव में एक परिचित के पास छोड़ा है, लेकिन जांच में यह बात भी झूठ निकली।



## सुधांशु के साथ कार से बाहर गया पिता, वापस अकेला लौटा

पुलिस के मुताबिक, कासना के सिरसा गांव की 6 परसेंट कॉलोनी में आरोपी प्रदीप उर्फ पप्पी अपने परिवार के साथ रहता है। उसका 13 साल का इकलौता बेटा सुधांशु 8वीं में पढ़ता था। बुधवार को प्रदीप सुधांशु के साथ अपनी कार से बाहर गया। वापस अकेला लौटा। परिवार वालों ने पूछा तो बताया कि सुधांशु कहीं चला गया है। रात तक सुधांशु वापस नहीं आया तो परिवार वालों को चिंता हुई। प्रदीप तब परिवार को अलग-अलग कहानियां सुनाता रहा।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को पोस्टपेड मोड में परिवर्तित करने का निर्णय

## उपभोक्ताओं को मिलेगी आसान किस्त सुविधा, नियमित बिलिंग एवं शिकायत निस्तारण के विशेष प्रबंध

तमसा संकेत, संवाददाता



बाराबंकी। उत्तर प्रदेश सरकार के पहल पर उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा आर.डी.एस.एस. योजना के अंतर्गत स्थापित सभी स्मार्ट मीटर, जो वर्तमान में प्रीपेड मोड में संचालित हैं, उन्हें पोस्टपेड मोड में परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया है। अधीक्षण अभियंता विद्युत श्रीमती राजबाला ने जानकारी देते हुए बताया कि मई-2026 की विद्युत खपत का बिल जून-2026 में पोस्टपेड पद्धति से जारी किया जाएगा। सभी उपभोक्ताओं को प्रत्येक माह की 10 तारीख तक एसएमएस एवं व्हाट्सएप के माध्यम से बिल उपलब्ध कराया जाएगा। यदि किसी तकनीकी कारणवश ऑटोमैटिक रीडिंग प्राप्त नहीं हो पाती है, तो 5 तारीख तक मैनुअल रीडिंग सुनिश्चित कर हर हाल में समय से बिल जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी नए विद्युत संयोजन स्मार्ट मीटर के माध्यम से पोस्टपेड मोड में ही जारी किए जाएंगे। साथ ही, पूर्व में प्रीपेड मोड में परिवर्तन के दौरान समायोजित की गई सुरक्षा धनराशि को वर्तमान "कॉस्ट डाटा बुक-2026" के अनुसार पुनर्निर्धारित किया जाएगा, जिसे उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु जून-2026 से आगामी तीन मासिक बिलों में समान किस्तों के रूप में जोड़ा जाएगा। घरेलू उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करते हुए 30 अप्रैल 2026 तक के बकाये को 10 आसान किस्तों में जमा करने की सुविधा दी गई है। वहीं अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं को पूर्व की भांति 30 अप्रैल 2026 तक के बकाये (विलंब अधिभार सहित) के भुगतान हेतु तीन किस्तों की सुविधा उत्तर प्रदेश विद्युत प्रदाय संहिता-2005 के प्रावधानों के अनुसार अनुमन्य होगी। स्मार्ट मीटर से संबंधित शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु 15 मई से 30 जून 2026 तक अधिशासी अभियंता एवं उपखण्ड कार्यालयों में विशेष काउंटर एवं कैंप आयोजित किए जाएंगे। उपभोक्ता किसी भी समस्या के समाधान हेतु टोल-फ्री नंबर 1912 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त जिन उपभोक्ताओं का मोबाइल नंबर पंजीकृत अथवा अद्यतन नहीं है, वे मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के व्हाट्सएप चौटबॉट नंबर $91 766-900-3409 पर अपनी संयोजन संख्या भेजकर बिल प्राप्त कर सकते हैं ।

## कानपुर में सुबह घर से ऑफिस कहकर निकला, होटल में सुसाइड किया, पड़ोसी ने धमकाया था

# सट्टे के कर्ज से परेशान युवक ने लगाई फांसी

**खुदखुशी**

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। कानपुर में एक युवक ने सट्टे के कर्ज से परेशान होकर गुरुवार रात जान दे दी। युवक ने पहले होटल में कमरा बुक कराया और फिर उसी कमरे में पंखे से लटक कर सुसाइड किया। देर रात तक कमरे से कोई आवाज न आने पर होटल कर्मचारियों को शक हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव बरामद किया। मृतक की पहचान रावतपुर थाना के मस्वानपुर सराय निवासी प्रशांत दीक्षित (27) के रूप में हुई। प्रशांत प्राइवेट नौकरी करते थे। परिवार में मां अर्चना दीक्षित, पत्नी अंशिका दीक्षित और डेढ़ साल की बेटी भाव्या हैं।



प्रशांत दीक्षित
मृतक

मृतक के बहनोई दीप अग्निहोत्री ने बताया कि प्रशांत टाटा कंपनी में नौकरी करता था। गुरुवार सुबह रोज की तरह ऑफिस जाने की बात कहकर घर से निकला था। दिनभर परिजनों ने कई बार उन्हें फोन किया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की। दो दिन पहले पड़ोसी युवक ने जान से मारने की धमकी दी थी। सूचना मिलते ही कल्याणपुर थाने की पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने कमरा नंबर-302 का दरवाजा तोड़ा तो अंदर का दृश्य देखकर सभी सन्न रह गए। कमरे में प्रशांत का शव पंखे से चादर के सहारे लटका मिला। इसके बाद होटल पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दी।

### होटल कर्मचारियों को हुआ शक

कल्याणपुर के होटल रास प्लाजा में प्रशांत का दोस्त काम करता है, यहीं गुरुवार सुबह 10 बजे प्रशांत कमरा लेकर रुका। गुरुवार रात करीब 8 बजे होटल मालिक आदित्य को कर्मचारी ने बताया कि उनका दोस्त प्रशांत सुबह से न तो बाहर निकला और न ही कमरे से कोई आवाज आ रही है।

कर्मचारियों ने कई बार दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। सूचना पर होटल मालिक मौके पर पहुंचे। उन्होंने भी काफी देर तक दरवाजा खटखटाया। प्रशांत के मोबाइल पर कॉल की गई तो फोन बंद मिला। इसके बाद होटल मालिक ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी।

### बहनोई बोले- दो दिन पहले पड़ोसी युवक ने धमकी दी थी

प्रशांत के बहनोई दीप अग्निहोत्री ने आरोप लगाया कि क्षेत्र के कुछ लोग प्रशांत को परेशान करते थे। कुछ युवक उससे सट्टा खिलवाते थे। हारने पर उससे लगातार पैसों की मांग कर रहे थे। उन्होंने बताया कि दो दिन पहले पड़ोस के एक युवक ने प्रशांत को जान से मारने की धमकी भी दी थी। इसी बात से वह काफी परेशान चल रहा था।



प्रशांत की मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## गोवर्धन में कान्हा गौशाला की भूमि से हटाया अतिक्रमण

### करीब दो एकड़ जमीन कराई कब्जामुक्त

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। गोवर्धन तहसील क्षेत्र में प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए लगभग दो एकड़ भूमि को कब्जामुक्त कराया। उप जिलाधिकारी गोवर्धन सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में नगर पंचायत गोवर्धन ने राजस्व एवं पुलिस बल की सहायता से यह अभियान चलाया। प्रशासन के अनुसार गाटा संख्या 586, रकबा 0.817 हेक्टेयर भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटाया गया। बताया गया कि यह भूमि कान्हा गौशाला के लिए सुरक्षित थी, जिस पर अतिक्रमण कर लिया गया था। कार्रवाई के दौरान जेसीबी मशीनों की मदद से अवैध कब्जा हटाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया तथा गौशाला निर्माण के लिए चिन्हांकन भी किया गया।



उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि कब्जामुक्त कराई गई भूमि पर नगर पंचायत गोवर्धन द्वारा वृहद कान्हा गौशाला का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी अभियान जारी रहेगा। कार्रवाई के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत गोवर्धन चैतन्य कुमार तिवारी, नायब तहसीलदार श्रीमती जयन्ती मिश्रा, थाना प्रभारी गोवर्धन भगवत सिंह, राजस्व निरीक्षक श्याम बिहारी तरकर, लेखपाल महेन्द्र सिंह, प्रधान लिपिक मोहन श्याम अग्रवाल, सफाई निरीक्षक नानक चन्द शर्मा सहित नगर पंचायत कर्मी एवं पुलिस बल मौजूद रहा।

**फास्ट न्यूज**

### प्रिल्यूड स्कूल की बस ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर

आगरा । आगरा के ताजगंज क्षेत्र में 4 दिन पहले प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल की बस ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसका इलाज चल रहा है। परिजनों ने प्रिल्यूड स्कूल के संचालक और प्रिंसीपल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। ताजगंज खैराती टोला निवासी शिखा अग्रवाल ने बताया कि उनके पति अंकित अग्रवाल 5 मई की सुबह मनकामेश्वर मंदिर से दर्शन करके लौट रहे थे।

### कानपुर में मई में मार्च जैसी ठंडक

कानपुर । कानपुर में मई के पहले सप्ताह में मौसम ने लोगों को गर्मी से बड़ी राहत दी है। बादलों की आवाजाही, बूंदाबांदी और तेज हवाओं के चलते तापमान सामान्य से काफी नीचे पहुंच गया है। हालत यह है कि बीते तीन दशक में मई महीने में तापमान इतना कम कभी दर्ज नहीं किया गया।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के वेदर स्टेशन की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक गुरुवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 10.2 डिग्री कम है। वहीं बीते 24 घंटे में तापमान में 4.6 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई।

### आंधी-बारिश में ताजमहल के पत्थर टूटकर गिर रहे

आगरा। ताजमहल करीब 373 साल पुराना हो चुका है। दुनिया की सबसे खूबसूरत इमारतों में शामिल इस स्मारक के रॉयल गेट (शाही दरवाजे) के पत्थर अब दरकने लगे हैं। दरवाजे की दीवारों में कई जगह दरारें आ गई हैं। कुछ पत्थर अपनी जगह से खिसक चुके हैं। शाही गेट अब आंधी और बारिश भी नहीं झेल पा रहा। पिछले महीने आंधी-बारिश के दौरान दो बार गेट के पत्थर टूटकर गिर चुके हैं।

## विपरीत परिस्थितियों में मानव सेवा का लक्ष्य पूरा करता है रेड क्रॉस

### प्रधानाचार्य डॉ. अखिलेश यादव ने कहा कि रेड क्रॉस विपरीत परिस्थितियों में मानव सेवा का लक्ष्य पूरा करने वाली संस्था

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। राजकीय इंटर कॉलेज दघेंटा, बलदेव में विश्व रेड क्रॉस दिवस सामाजिक संवेदनाओं एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ. अखिलेश यादव, पूर्व प्रधानाचार्य के.पी. सिंह, प्रधानाचार्य शिवाजी यादव एवं प्रधानाचार्य बृजेश कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं कुमकुम, अंजलि, सुधा, मोनिका एवं कविता द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद रश्मि, मोहिनी, मोनिका एवं चारु ने स्वागत गान पर आकर्षक कथक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

प्रधानाचार्य डॉ. अखिलेश यादव ने कहा कि रेड क्रॉस विपरीत परिस्थितियों में मानव सेवा का लक्ष्य पूरा करने वाली संस्था है, जो मानवता, सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करती है। उन्होंने पूर्व प्रधानाचार्य के.पी. सिंह के शैक्षिक एवं सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान सभी प्रधानाचार्यों ने उन्हें माला, पटका एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सेवानिवृत्ति जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।



विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं नृत्य-नाटिकाओं के माध्यम से रेड क्रॉस के सिद्धांतों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। डॉली, मोनिका, छवि, कृष्ण, हर्ष, बलदेव, मयंक एवं राजेंद्र ने प्रेरणादायक नाटिका प्रस्तुत की। वहीं डॉली, वर्षा एवं अन्य छात्र-छात्राओं द्वारा "वर्तमान समय में माता-पिता को परिश्रम छोड़ देने" विषय पर प्रस्तुत मंचन ने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया।

कार्यक्रम में अभिभावकों का स्वागत जनार्दन राजभर, बृजेश अग्निहोत्री एवं भवानी शंकर द्वारा किया गया। उमेश कुमार, कृष्ण, हर्ष, देवेश, तनु, राशि, जितेंद्र एवं राहुल सहित अनेक विद्यार्थियों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन कक्षा 10 की छात्रा डॉली चौधरी ने किया, जिसकी अतिथियों एवं शिक्षकों ने सराहना की।

## एमआईईटी में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

### विषय : भविष्य में उपयोग होने वाली नई आधुनिक सामग्री और उनके नए आविष्कार

तमसा संकेत, संवाददाता

मेरठ। एमआईईटी के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के सहयोग तथा मटेरियल रिसर्च सोसाइटी ऑफ इंडिया, दिल्ली चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य शुभारंभ हुआ। सम्मेलन का विषय "भविष्य में उपयोग होने वाली नई आधुनिक सामग्री और उनके नए आविष्कार" रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. विमल कुमार वरुण, सुमेश दीक्षित, डॉ. ऋचा चौधरी, प्रो. आर.के. द्विवेदी, कैंपस निदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह तथा सम्मेलन संयोजक डॉ. विपिन कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि डॉ. विमल कुमार वरुण ने कहा कि देश की रक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए उन्नत और भविष्य आधारित आधुनिक पदार्थों के विकास की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र के लिए हल्के लेकिन मजबूत पदार्थ, नैनो पदार्थ, पाईजोइलेक्ट्रिक पदार्थ, उच्च सटीकता वाले पदार्थ तथा कार्बन फाइबर आधारित उन्नत पदार्थों पर विशेष शोध किया जाना चाहिए।उन्होंने कहा कि युद्ध क्षेत्र में सेना, वायु सेना और नौसेना को ऐसे सुरक्षित, मजबूत और टिकाऊ पदार्थों की आवश्यकता होती है, जो कठिन परिस्थितियों में भी बेहतर प्रदर्शन कर सकें। आधुनिक पदार्थ देश की रक्षा क्षमता को नई मजबूती प्रदान करेंगे। सम्मेलन के दौरान शोध पत्रों की कॉन्फ्रेंस पुस्तिका का भी विमोचन किया गया। प्रथम दिन प्रो. ओ.पी. ठाकुर (वैज्ञानिक, डीआरडीओ), प्रो. आर.के. द्विवेदी, प्रो. साकेत अस्थाना (आईआईटी हैदराबाद), प्रो. अखिलेश कुमार सिंह (आईआईटी बीएचयू) तथा प्रो. दिनेश अग्रवाल (पेन स्टेट यूनिवर्सिटी, अमेरिका) ने तकनीकी व्याख्यान प्रस्तुत किए।




**सम्मेलन संयोजक डॉ. विपिन शर्मा ने बताया कि सम्मेलन में कुल 307 शोध पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से पहले दिन 183 शोध पत्रों पर विस्तृत चर्चा की गई। सम्मेलन में रक्षा, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी से जुड़े शोधकर्ताओं ने अपने शोध प्रस्तुत किए। अमेरिका, ओमान, अल्जीरिया, इराक, ईरान, दक्षिण अफ्रीका, मोरक्को और तुर्की सहित कई देशों के शोध पत्र भी सम्मेलन में शामिल हुए।**

# रक्तदान सबसे बड़ा जीवनदान

### वेंक्टेश्वरा में युवाओं ने बढ़-चढ़कर किया रक्तदान

**अभियान**

तमसा संकेत, संवाददाता

मेरठ। विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी, विम्स बहु-विशेषज्ञ अस्पताल एवं वीजीआई मेरठ के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर और जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, कर्मचारियों और अन्य लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया।

कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने हाथों में जागरूकता तख्तियां लेकर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया और जरूरतमंदों की सहायता का संकल्प लिया। शिविर का शुभारंभ संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरी, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, डीन मेडिकल डॉ. प्रभु एम.एच., मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शिशिर पाटिल, पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. गरिमा भटनागर, डॉ. अमित जैन एवं ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. नौशाद ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर संस्थापक चैयरमेन सुधीर गिरि ने कहा कि भारतीय संस्कृति में कई प्रकार के दान को श्रेष्ठ माना गया है, लेकिन रक्तदान सबसे बड़ा दान है क्योंकि इससे किसी व्यक्ति को नया जीवन मिलता है। उन्होंने युवाओं से नियमित रक्तदान करने और समाज को इसके प्रति जागरूक करने की अपील की। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि चिकित्सा के विद्यार्थियों को रक्तदान जागरूकता अभियान को गांव और शहर तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. अभय भटनागर, डॉ. इकराम इलाही, डॉ. अरुण गोस्वामी, एस.एस. बघेल, शैलेन्द्र रावत, प्रीतपाल, डॉ. पंकज सिंह तथा मीडिया प्रभारी विश्वास राणा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।




> **रक्तदान अभियान की शुरुआत प्रतिकुलाधिपति के सुरक्षाकर्मी योगेंद्र सिंह और कुलपति कार्यालय से जुड़े कर्मचारियों द्वारा रक्तदान कर की गई। इसके बाद नर्सिंग, फार्मेसी, कृषि एवं प्रबंधन विभाग के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भी स्वैच्छिक रक्तदान किया।**

### हमीरपुर में डूबे घाटमपुर के चचेरे भाई-बहन

कानपुर । कानपुर के घाटमपुर कस्बे के आछीमोहाल (पुरवा) में शुक्रवार को माहौल गमगीन रहा। दो दिन पहले हमीरपुर में यमुना नदी में नाव पलटने से डूबे चचेरे भाई-बहन आदित्य उर्फ गोरेलाल और अर्चना का मूसानगर यमुना घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। दोनों बच्चों की असमय मौत से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।

आदित्य और अर्चना कक्षा छह के छात्र-छात्रा थे और घाटमपुर के शांति शिक्षा निकेतन विद्यालय में साथ पढ़ते थे। दोनों की उम्र में करीब एक साल का अंतर था, लेकिन दोनों हर समय साथ ही रहते थे। परिवार और मोहल्ले के लोग भी दोनों को हमेशा साथ देखते थे। किसी ने नहीं सोचा था कि दोनों का साथ इस तरह हमेशा के लिए टूट जाएगा। परिजनों के मुताबिक, पांच मई को परिवार के लोग हमीरपुर के कुतुबपुर गांव में रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने गए थे। इसी दौरान यमुना नदी में नाव पलट गई और हादसे में आदित्य और अर्चना की डूबने से मौत हो गई।

## बलदेव में शिक्षक समाधान दिवस आयोजित

### समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन



तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। ब्लॉक संसाधन केंद्र बलदेव के सभागार में समस्त शिक्षक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विकास खंड बलदेव के शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लिखित रूप में प्राप्त कर संबंधित पटलों पर त्वरित निस्तारण के लिए अग्रसारित किया गया।

इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक महामंत्री शुषेन्द्र मित्तल ने कहा कि विकास खंड में किसी भी स्तर पर शिक्षकों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए संगठनों की एकजुटता पर बल दिया। यूटा के ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ सारस्वत ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक माह शिक्षक समाधान दिवस आयोजित किया जाएगा, ताकि समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित हो सके।

पृष्ठ 01 का शेष...

### सुवेंदु बंगाल के...

हम घुसपैठ, हिंसा, कट मनी खत्म करेंगे। महिला सुरक्षा टॉप प्रायोरिटी होगी।

56 साल के सुवेंदु ने CM ममता बनर्जी को भवानीपुर से हराया है। वे नंदीग्राम से भी लगातार दूसरी बार चुनाव जीते। यहां से 2021 में उन्होंने ममता को हराया था। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में 207 सीटें जीती हैं।

गंगोत्री से गंगासागर तक, आज भाजपा की सरकार: 100 साल की वैचारिक यात्रा के बाद गंगोत्री से गंगासागर तक, आज भाजपा की सरकार बनी है। 1950 से जिस विचार को लेकर हम निकले, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार को लेकर निकले। आज उनकी ही पार्टी की सरकार बनी। बंगाल में भाजपा का झंडा फहराने का सपना पूरा हुआ: 370 हटी तो देश भर में कार्यकर्ताओं में खुशी थी। लेकिन कई कार्यकर्ताओं ने कहा था कि अभी भी एक कसक बची है। उन्होंने कहा कि बंगाल में भाजपा का झंडा फहराना है। वो भी आज पूरा हो गया।

भाजपा के 3 से 207 विधायक हुए: हमारे विधायकों के जीत का औसत मार्जिन 28 हजार है। 3 से 77 और 77 से 207 की यात्रा अभूतपूर्व है। 9 जिलों में टीएमसी का खाता तक नहीं खुला। दीदी का सूपड़ा साफ हो गया।

घुसपैठियों को चुन-चुनकर निकालेंगे: भाजपा का वादा है कि बंगाल की जनता को कि न सिर्फ बंगाल, पूरे देश से हम एक-एक घुसपैठियों को चुन-चुनकर निकालेंगे। ये ध्रुवीकरण का मुद्दा नहीं है। ये देश की सुरक्षा का मुद्दा है।

### शाह ने कहा- बंगाल ...

3 से 77 और 77 से 207 की यात्रा अभूतपूर्व है। 9 जिलों में टीएमसी का खाता तक नहीं खुला। दीदी का सूपड़ा साफ हो गया।

### 'युवाओं को रोजगार ...

उन्होंने आरोप लगाया कि जनता का धन छीनकर उद्योगपति गौतम अदानी और अंबानी को फायदा पहुंचाया जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि हरियाणा और पूरे देश में सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी है। उन्होंने कहा कि युवाओं को कॉलेजों से डिग्रियां तो मिल रही हैं, लेकिन रोजगार नहीं मिल रहा। उनके मुताबिक सरकार की नीतियों के कारण देश में चीन का सामान बिक रहा है और युवाओं को रोजगार देने के बजाय उन्हें सोशल मीडिया और इंस्टाग्राम में उलझाया जा रहा है। बता दें यह यात्रा खांडसा मंडी से शुरू हुई। इसका समापन एसडी स्कूल खांडसा सड़क हुई। सद्भावना यात्रा की शुरुआत पांच अक्तूबर को नरवाना से हुई थी। इस यात्रा को पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह के बेटे और कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह ने प्रारंभ किया था। राहुल गांधी के आगमन के कारण पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा भी गुरुग्राम पहुंचे। उनके साथ कांग्रेस विधायक मामन खान और आफताब अहमद भी मौजूद रहे।

### नासिक टीसीएस...

मामले की जांच नासिक पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) जांच कर रही है।

इस मामले में अब तक 9 FIR दर्ज हुई हैं, जो महिला कर्मचारियों के साथ कथित यौन उत्पीड़न से जुड़ी हैं। SIT ने इस मामले में अब तक एक महिला ऑपरेशंस मैनेजर समेत 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। निदा ने एंटीसिपेटरी बेल के लिए अपनी प्रेग्नेंसी का हवाला दिया, लेकिन कोर्ट ने इसे स्वीकार नहीं किया था। मामले पर टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (TCS) ने पिछले महीने बयान में कहा था कि कंपनी किसी भी तरह के हैरेसमेंट और जबरदस्ती के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस पॉलिसी पर काम करती है।

TCS के नासिक ऑफिस में काम करने वाली महिलाओं ने यौन शोषण के आरोप लगाए। SIT से जुड़े सोर्स कहते हैं, 'पहली FIR 26 मार्च को देवलाली कैंप पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई थी।

### डीएमके सांसद ...

उन्होंने ममता से मुलाकात की फोटो और एमके स्टालिन के साथ पुरानी फोटो पोस्ट करके लिखा- हम वो नहीं जो मुश्किलों में साथ छोड़ दें।

वहीं कांग्रेस का कहना है कि उसने तमिलनाडु की जनता के जनादेश का सम्मान करते हुए TVK का समर्थन किया है और यही जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका है।

DMK और कांग्रेस का गठबंधन कई दशकों पुराना रहा है। बीच-बीच में मतभेद जरूर हुए, लेकिन दोनों पार्टियां 2016 में फिर साथ आई थीं।

लोकसभा में स्पीकर के दायीं तरफ सत्ता पक्ष के सांसद बैठते हैं। दायीं तरफ सबसे आगे की पंक्ति में आमतौर पर प्रधानमंत्री बैठते हैं। उनके साथ गृह मंत्री, रक्षा मंत्री, वित्त मंत्री जैसे वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री को जगह दी जाती है।

स्पीकर की बायीं तरफ विपक्षी दल बैठते हैं। DMK सांसद टीआर बालु और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी विपक्ष के मुख्य 8वें ब्लॉक की पहली लाइन में जबकि अखिलेश यादव 6वें ब्लॉक की पहली लाइन में बैठते हैं। वहीं DMK सांसद ए राजा और कनिमोझी 8वें ब्लॉक की दूसरी लाइन में बैठते हैं।

दरअसल, INDIA गठबंधन की सत्ताधारी पार्टी DMK तमिलनाडु में और TMC पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों में हार गई है। INDIA गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल में TMC से अलग चुनाव लड़ा था। वहीं तमिलनाडु में रिजल्ट के बाद विजय की पार्टी TVK को समर्थन दिया है। तमिलनाडु में एक्टर विजय ने 2024 में TVK पार्टी बनाई थी। विधानसभा चुनावों TVK ने 108 सीटों पर जीत हासिल की है।

### तमिलनाडु के सीएम ...

कांग्रेस के 5 और CPI, CPI(M), VCK के 2-2 विधायकों के समर्थन से TVK ने बहुमत का आंकड़ा हासिल कर लिया है।

तमिलनाडु के गवर्नर राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को TVK को सरकार बनाने के लिए बुलाने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। याचिकाकर्ता एझिलारसी ने खुद को पार्टी का सदस्य बताते हुए कोर्ट से कहा कि TVK को राज्य में सबसे ज्यादा सीटें मिली हैं। ऐसे में राज्यपाल द्वारा TVK चीफ को सरकार बनाने के लिए न बुलाना संविधान के खिलाफ है। कोर्ट को हस्तक्षेप कर राज्यपाल को निर्देश देना चाहिए कि TVK को सरकार बनाने के लिए बुलाए। हालांकि TVK सूत्रों ने इस बात से इनकार किया है कि पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट में कोई अर्जी दी है।

DMK से सालों पुराना गठबंधन तोड़कर TVK को समर्थन देने पर कांग्रेस नेता के. सेल्वपेरुंथगई ने कहा- यह पीठ में छुरा घोंपना नहीं है। यह संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करना है।

कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने तमिलनाडु में TVK को समर्थन देने के पार्टी के फैसले की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने इसे भयावह, अवसरवादी राजनीतिक और महात्मा गांधी के सिद्धांतों का उल्लंघन बताया। PTI से बातचीत में अय्यर ने कहा- कांग्रेस ने हाल ही में DMK के साथ चुनाव लड़ा और तुरंत बाद उसी TVK के साथ चली गई, जिसने कांग्रेस के खिलाफ चुनाव लड़ा था। यह फैसला महात्मा गांधी के 1925 के उस सिद्धांत का उल्लंघन" है, जिसमें स्वराज को नैतिकता पर आधारित शासन बताया गया था।

### सीएमओ और डिप्टी...

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं और निजी चिकित्सा संस्थानों की कार्यप्रणाली पर भी अब कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

### मेधावी छात्रों को ...

आईसीएसई बोर्ड की 12वीं परीक्षा में St. Joseph School Gorakhnath के छात्र अनमोल अग्रवाल और गौरांग भटेजा ने 98.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं इसी विद्यालय की छात्रा अनुष्का यादव ने 97.25 प्रतिशत अंक हासिल किए। अखिलेश यादव ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके जीवन में सफलता की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अरविन्द दत्त शुक्ल की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही।

## पंत के हाथ से बल्ला छूटा, मार्श ने लखनऊ के लिए सबसे तेज शतक जड़ा

# प्रिंस ने कोहली को जीरो पर बोल्ड किया



बारिश शुरू होने के बाद पिच कवर करते ग्राउंड स्टाफ।

### झटका

- पहली पारी के दौरान बारिश के कारण तीन बार मैच रोकना पड़ा। पहली बार दूसरे ओवर में बारिश आई और मैच करीब 10 मिनट तक रुका रहा।



**नई दिल्ली, एजेंसी**

IPL में गुरुवार को खेले गए मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 9 रन से हरा दिया। इकाना स्टेडियम में मिचेल मार्श ने लखनऊ के लिए सबसे तेज शतक जड़ा। वहीं, युवा गेंदबाज प्रिंस यादव ने विराट कोहली को शून्य पर बोल्ड कर झटका दिया।

लखनऊ के बल्लेबाज मिचेल मार्श ने बेंगलुरु के खिलाफ मैच में टीम के लिए सबसे तेज शतक लगाया। उन्होंने गुरुवार को इकाना स्टेडियम में सिर्फ 49 गेंदों में सेंचुरी पूरी की। इससे पहले यह रिकॉर्ड ऋषभ पंत के नाम था। उन्होंने पिछले साल 54 गेंदों में शतक लगाया था। बेंगलुरु के भुवनेश्वर कुमार 200 IPL मैच खेलने वाले पहले तेज गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने लखनऊ के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। भुवनेश्वर 200 मैच खेलने वाले कुल 12वें खिलाड़ी बने हैं।

> 17वें ओवर की तीसरी बॉल पर ऋषभ पंत के हाथ से बल्ला छूट गया। हालांकि, इस बॉल पर उन्हें चौका मिल गया। हेजलवुड की यॉर्कर ऑफ स्टंप के बाहर थी, जिस पर पंत ने जोरदार शॉट खेला। गेंद पॉइंट की ओर चौके के लिए गई, लेकिन शॉट के दौरान उनका बल्ला हाथ से छूटकर लेग साइड में जा गिरा।



### कोहली को प्रिंस यादव ने बोल्ड किया

दूसरी पारी के दौरान बेंगलुरु ने दूसरे ओवर में दूसरा विकेट गंवाया। विराट कोहली जीरो पर आउट हुए। उन्हें प्रिंस यादव ने बोल्ड किया। करीब 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार की गेंद गुड लेंथ पर ऑफ स्टंप के बाहर पिच हुई। कोहली आगे बढ़कर खेलने गए, लेकिन गेंद अंदर आई और सीधे ऑफ स्टंप से टकराकर स्टंप उखाड़ गई।

### मार्श के छक्के से कैमरामैन के सिर पर लगी बॉल

लखनऊ की पारी के दूसरे ओवर में मिचेल मार्श ने जोश हेजलवुड की बॉल पर दो छक्के लगाए। उनका दूसरा छक्का बाउंड्री पर मौजूद कैमरामैन के सिर पर जा लगा। हालांकि, चोट ज्यादा नहीं लगी।

### पंत को जीवनदान, कैच छूटा, बेथेल की उंगली में चोट लगी

17वें ओवर की 5वीं बॉल पर ऋषभ पंत को जीवनदान मिला। जोश हेजलवुड की लो फुल टॉस गेंद पर पंत ने शॉट खेला और गेंद डीप मिडविकेट की ओर गई। बाउंड्री से दौड़ते हुए बेथेल ने कैच पकड़ने की कोशिश की, लेकिन कैच छूट गया। इस दौरान उनकी उंगली चोटिल हो गई और खून निकलने लगा। चोट के बाद उन्हें कुछ समय के लिए मैदान से बाहर जाना पड़ा।

### पाटीदार की छक्के से फिफ्टी

10वें ओवर में कप्तान रजत पाटीदार ने छक्के से फिफ्टी पूरी की। उन्होंने मयंक यादव की दूसरी बॉल पर डीप बैकवर्ड स्क्वैयर लेग के ऊपर छक्का लगाया। अगली बॉल पर उन्होंने 101 मीटर का छक्का जड़ा।

# हार्दिक की मुंबई इंडियंस में वापसी आरसीबी मैच से पहले रायपुर पहुंचे

## पीठ में खिंचाव के कारण पिछला मैच नहीं खेले थे

**नई दिल्ली, एजेंसी**



मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या चोट के बाद रायपुर पहुंच गए हैं। वे रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) के खिलाफ अहम मुकाबले के लिए टीम से जुड़ गए हैं। हार्दिक सोमवार को लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) के खिलाफ खेले गए पिछले मैच में नहीं खेले थे। उनकी गैरमौजूदगी में सूर्य कुमार ने टीम की कप्तानी संभाली थी। सूर्या भी बच्चे के जन्म की वजह से मुंबई में हैं और रायपुर नहीं पहुंचे हैं। मुंबई इंडियंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'X' पर हार्दिक की फोटो शेयर कर उनके रायपुर पहुंचने की जानकारी दी।

हार्दिक पंड्या को पिछले हफ्ते अचानक पीठ में खिंचाव की समस्या हुई थी। इसके बाद मेडिकल टीम ने उन्हें आराम की सलाह दी थी। हालांकि, चोट गंभीर नहीं थी। एहतियात के तौर पर उन्हें लखनऊ के खिलाफ मैच से बाहर रखा गया था, ताकि वे बाकी मैचों के लिए फिट रह सकें। अब वे पूरी तरह रिकवर हो चुके हैं। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार को मुंबई इंडियंस का ट्रेनिंग सेशन होगा। उम्मीद है कि हार्दिक इसमें शामिल होकर नेट्स पर बल्लेबाजी और गेंदबाजी का अभ्यास करेंगे। रविवार के मैच से पहले उनकी फिटनेस परखने के लिए यह सेशन अहम माना जा रहा है। इस सीजन में मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। टीम ने 10 में से केवल 3 मैच जीते हैं, जबकि 7 में हार मिली है। मुंबई फिलहाल पॉइंट्स टेबल में नौवें स्थान पर है। प्लेऑफ की उम्मीदें बनाए रखने के लिए टीम को बाकी सभी मैच जीतने होंगे। मुंबई इंडियंस के लिए अब स्थिति 'करो या मरो' की हो गई है। टीम एक भी मैच हारती है, तो प्लेऑफ की रेस से बाहर हो जाएगी। ऐसे में हार्दिक पंड्या की वापसी जरूरी है, क्योंकि वे गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों में अहम योगदान देते हैं।

## होटल, डगआउट में बाहरी लोगों की एंट्री पर रोक, मालिकों पर भी नजर रहेगी

# आईपीएल में खिलाड़ियों की हनी ट्रैपिंग का खतरा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

IPL में हनी ट्रैप, खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ की सुरक्षा को लेकर BCCI ने सख्त नियम लागू किए हैं। बोर्ड ने इन खतरों से बचाने के लिए खिलाड़ियों के होटल रूम, बस और डगआउट में बिना अनुमति बाहरी लोगों की एंट्री पर रोक लगा दी है। फ्रेंचाइजी मालिकों पर भी निगरानी बढ़ा दी गई है। BCCI की एंटी करप्शन एंड सिक्योरिटी यूनिट (ACSU) की रिपोर्ट के मुताबिक कई मैचों के दौरान टीम के डगआउट, होटल और टीम बस में ऐसे लोग देखे गए, जिन्हें वहां रहने की अनुमति नहीं थी। यह प्रोटोकॉल उल्लंघन का मामला है। IPL 2026 में वेपिंग का मामले भी सामने आए हैं। इस मामले में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग पर जुर्माना भी लगाया था। पंजाब किंग्स के युजवेंद्र चहल का एक वीडियो भी वायरल हुआ था। चहल ने इसकी पुष्टि या खंडन नहीं किया है।



> प्लेयर्स एंड मैच ऑफिशियल्स एरिया के अपने प्रोटोकॉल होते हैं। हम फ्रेंचाइजी से कहेंगे कि वे एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) का सख्ती से पालन करें ताकि टूर्नामेंट की निष्पक्षता बनी रहे।
>
> **अरुण धूमल आईपीएल चेयरमैन**

### मैच के दौरान मालिकों की एंट्री सीमित

BCCI ने यह भी कहा है कि मैच के दौरान फ्रेंचाइजी मालिक, खिलाड़ियों या टीम स्टाफ से सीधे संपर्क नहीं कर सकते। ड्रेसिंग रूम, डगआउट या मैदान में जाकर बातचीत करना भी नियमों के खिलाफ होगा।




चेन्नई सुपर किंग्स की बस।

### मेहमानों को जरूरी होगी मैनेजर की लिखित मंजूरी

BCCI सचिव देवजीत सैकिया ने सभी फ्रेंचाइजी को भेजे निर्देश में कहा कि अब किसी भी खिलाड़ी या स्टाफ के कमरे में कोई मेहमान टीम मैनेजर की लिखित मंजूरी के बाद ही एंट्री कर सकेगा। खिलाड़ियों और स्टाफ को होटल से अनियमित समय पर बाहर जाने से भी रोका गया है। अगर बाहर जाना जरूरी हो, तो सिक्योरिटी लायजन ऑफिसर और टीम इंटीग्रिटी ऑफिसर को पहले से सूचना देनी होगी।

बोर्ड ने इस सबके बाद IPL से जुड़े सभी स्थानों ड्रेसिंग रूम, होटल और प्रैक्टिस एरिया में वेपिंग और ई-सिगरेट के इस्तेमाल पर भी सख्त प्रतिबंध लगा दिया है। बता दें कि वेपिंग और ई-सिगरेट भारतीय कानून के तहत पहले से ही बैन हैं। BCCI ने फ्रेंचाइजी और खिलाड़ियों को चेतावनी दी है कि इन नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माना, सस्पेंशन या डिस्क्वालिफिकेशन की कार्रवाई की जा सकती है। IPL में फिक्सिंग और भ्रष्टाचार रोकने के लिए 'प्लेयर्स एंड मैच ऑफिशियल्स एरिया' (PMOA) बनाया जाता है।

## मनोरंजन

## लाइफ में सिर्फ तीन लोगों को मान्यता देती हैं लुक्खे एक्ट्रेस

# पलक तिवारी को क्रेडिट लेने का नहीं है शौक

**मुंबई, एजेंसी**




जिस क्षेत्र में माता-पिता स्थापित होते हैं, उसी क्षेत्र में आने वाले बच्चों पर उनकी विरासत को आगे बढ़ाने और अपेक्षाओं पर खरा उतरने का दबाव बना रहता है। हालांकि अभिनेत्री पलक तिवारी पर अपनी मां व अभिनेत्री श्वेता तिवारी की अभिनय विरासत को आगे लेकर जाने का कोई ऐसा दबाव नहीं है।

मदर्ड डे के मौके पर पलक कहती हैं कि मुझे कभी नहीं लगा की मम्मी के अभिनय की विरासत को मैं आगे लेकर जाऊंगी। ना मैं वो बोझ लेकर चली हूं, ना उन्होंने मुझ पर कभी वो बोझ डाला है। मेरी मां की असली विरासत ये नहीं है कि वो एक कलाकार हैं, उनकी विरासत वह है, जिस तरह की वो महिला हैं। वह जितनी कमाल की हैं, मैं हर दिन उस विरासत को आगे लेकर जाने का प्रयास करती हूं। आप जितना उसके भागेंगे, उतना ही वो नहीं मिलेगा। दूसरों को अगर लगता है कि आप किसी प्रकार के श्रेय के काबिल नहीं है, तो उससे निराश नहीं होना चाहिए। अपना सच हर किसी को पता होता है कि कितनी मेहनत की है। जरूरी यह है कि मैं खुद को अपनी मेहनत का श्रेय दे रही हूं या नहीं।

### किन तीन लोगों से लेती हैं सलाह?

कलाकार के तौर पर मैं अपने दम पर, जैसा मैं चाहती हूं, वैसी अभिनेत्री बनना है। लेकिन एक सशक्त महिला उनकी तरह बनना है। मैंने काम कैसा किया है, मैं सही जा रही हूं या नहीं, इसके लिए आज भी मुझे अपने जीवन में केवल तीन लोगों से ही मान्यता चाहिए, उसमें सबसे पहले मेरी मां हैं, बाकी दो मेरे दोस्त हैं, जिनके साथ मैं बड़ी हुई हूं। अगर वह तीनों कहते हैं कि मैं फलां जगह गलत हूं, तो मुझे फिर टेंशन हो जाती है कि सब कुछ सही कैसे करूं।

### सीरीज लुक्खे में नजर आईं एक्ट्रेस

पलक आज (आठ मई) अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होने वाली वेब सीरीज लुक्खे में अहम रोल में नजर आएंगी। इस सीरीज के एक सीन में पलक का पात्र कहता है कि मुझे क्रेडिट मत दिया करो, अजीब लगता है। वास्तविक जीवन में अपने काम का श्रेय लेना पलक को कितना अहम लगता है? इस पर आगे वह कहती हैं कि मुझे तो लगता है कि इस इंडस्ट्री में हर कोई अपने काम का श्रेय पाने के लिए भाग रहा है। हालांकि मैं श्रेय नहीं मांगती हूं, क्योंकि मेरा यही सोचना है कि मांगना क्यों, अगर वह मिलना होगा, तो मिल जाएगा।



# शक्ति कपूर अपनी मौत की अफवाह पर भड़के

## बोले- मैं बिल्कुल ठीक और खुश हूं, फेक न्यूज फैलाने वालों के खिलाफ लीगल एक्शन लूंगा



बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर के पिता और दिग्गज एक्टर शक्ति कपूर अपनी मौत की फर्जी खबरों को लेकर भड़क गए हैं। पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर उनके निधन की अफवाहें उड़ रही थीं, जिससे एक्टर परेशान हो गए थे।

अब शक्ति कपूर ने खुद सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर इन खबरों का खंडन किया है। उन्होंने बताया कि वे पूरी तरह स्वस्थ हैं और ऐसी हरकत करने वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराएंगे। शक्ति कपूर ने इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वे काफी फिट नजर आ रहे हैं। वीडियो में एक्टर ने कहा, ₹सभी को नमस्कार, मेरी मौत की अफवाह पूरी तरह झूठी है। मैं स्वस्थ और खुश हूं। प्लीज इसे इग्नोर करें।

मैं इसकी शिकायत करने जा रहा हूं, लेकिन ये ठीक नहीं है।₹ उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि इस तरह की फर्जी खबरें फैलाना अच्छी बात नहीं है और इससे परिवार और चाहने वालों को मानसिक तनाव होता है।

# 'उरी' एक्ट्रेस रीवा अरोड़ा से बदसलूकी

## डिलीवरी बॉय ने घर पर दीं गालियां, मामला बढ़ने पर बुलानी पड़ी पुलिस



नई दिल्ली। 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' फेम एक्ट्रेस रीवा अरोड़ा ने अपने साथ हुई एक डरावनी घटना का खुलासा किया है। रीवा ने बताया कि 10 दिन पहले एक ऑनलाइन डिलीवरी एजेंट ने उनके और उनके परिवार के साथ बदतमीजी की और गालियां दीं।

मामला इतना बढ़ गया कि बीच-बचाव के लिए मुंबई पुलिस को बुलाना पड़ा। एक्ट्रेस ने अब इस पूरी घटना को सार्वजनिक करते हुए कंपनी की जवाबदेही पर सवाल उठाए हैं।

यह घटना 26 अप्रैल की दोपहर करीब 3:30 बजे की है। रीवा के मुताबिक, जब ब्लिंकिट का डिलीवरी एजेंट ऑर्डर लेकर पहुंचा, तो शुरुआत से ही उसका व्यवहार ठीक नहीं था। रीवा ने बताया, उसका टोन काफी रूड और अनुचित था। जब मैंने जवाब दिया, तो स्थिति और खराब हो गई। मेरी मां (निशा अरोड़ा) ने दखल दिया और शांति से मामले को सुलझाने की कोशिश की, लेकिन डिलीवरी एजेंट लगातार बदतमीजी करता रहा। रीवा ने आरोप लगाया कि डिलीवरी एजेंट का गुस्सा घर के दरवाजे पर ही शांत नहीं हुआ। जब वह वहां से जा रहा था, तब लिफ्ट में रीवा की बहन को वह दोबारा मिला। रीवा ने बताया, मना करने के बावजूद वह लगातार गंदी और भद्दी भाषा का इस्तेमाल कर रहा था। हमें लगा कि उसने हद पार कर दी है। बिना किसी उकसावे के हमारे प्रति अपमा-नजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया।



## 'दादी की शादी' की स्क्रीनिंग में पहुंचे, आमिर की बहन का फिल्म में अहम रोल

# रिद्धिमा का काम रणबीर कपूर से बेहतर : आमिर

नई दिल्ली। आमिर खान हाल ही में फिल्म 'दादी की शादी' की स्पेशल स्क्रीनिंग में पहुंचे। फिल्म देखने के बाद आमिर ने फिल्म की स्टारकास्ट की जमकर तारीफ की। उन्होंने मजाक-मजाक में यह भी कह दिया कि डेब्यू फिल्म में रिद्धिमा कपूर साहनी ने अपने भाई रणबीर कपूर से भी बेहतर काम किया है। आमिर की बहन निखत खान भी इस फिल्म में एक अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने ही फिल्म की टीम के लिए अपने घर पर स्क्रीनिंग और डिनर का आयोजन किया था। इस खास मौके पर नीतू कपूर, कपिल शर्मा, सादिया खतीब, रिद्धिमा कपूर साहनी और डायरेक्टर आशीष आर मोहन समेत फिल्म की पूरी टीम मौजूद थी। स्क्रीनिंग के बाद सभी ने साथ में डिनर किया।

आमिर ने खासतौर पर रिद्धिमा के काम को सराहा और रणबीर कपूर का जिक्र करते हुए मजाकिया अंदाज में कहा कि उन्होंने रणबीर से भी बेहतर काम किया है।




आमिर ने कपिल शर्मा के काम को भी 'लाजवाब' बताया और नीतू कपूर व शरतकुमार की परफॉर्मेंस की भी तारीफ की। 'दादी की शादी' एक ऐसी फिल्म है जो घर के भीतर के रिश्तों, शोर-शराबे, सीक्रेट्स और प्यार को दिखाती है। फिल्म का निर्देशन आशीष आर मोहन ने किया है। यह फिल्म इमोशनल स्टोरीटेलिंग के साथ-साथ संगीत और कॉमेडी का एक पूरा पैकेज मानी जा रही है। मेकर्स का दावा है कि यह एक 'होलसम फैमिली एंटरटेनर' है जो हर उम्र के दर्शकों को पसंद आएगी। फिल्म में नीतू कपूर के साथ शरतकुमार भी अहम रोल में नजर आएंगे। ये फिल्म आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है।



### आमिर बोले- रणबीर से बेहतर काम किया

फिल्म देखने के बाद आमिर काफी खुश नजर आए। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा, 8 मई को 'दादी की शादी' लग रही है। यह बहुत ही खूबसूरत फैमिली फिल्म है। इसमें इमोशन और ह्यूमर का अच्छा मेल है। यह फिल्म आपको हंसाएगी भी और आपके दिल को छू लेगी।

# अब तक 3 की मौत, डॉक्टर बोले- यह कोरोना की तरह तेजी से नहीं फैलता

# जिस जहाज पर हंतावायरस फैला, उस पर दो भारतीय

संक्रमण

प्राया, एजेंसी

अटलांटिक महासागर में क्रूज शिप MV होंडियस पर 2 भारतीय नागरिक शामिल है। यह वही शिप हैं, जिस पर हंतावायरस फैला है। BBC के मुताबिक अब तक जहाज पर हंतावायरस संक्रमण के पांच मामलों की पुष्टि हुई है और 3 लोगों की मौत हो चुकी है।

वहीं, नीदरलैंड की लीडेन यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर में भर्ती हंतावायरस मरीज का इलाज कर रहीं डॉक्टर करिन एलेन वेल्डकैंप ने कहा कि यह वायरस कोरोना जैसा नहीं है।



MV होंडियस मार्च में दक्षिण अमेरिका के आखिरी पॉइंट उशुआइया से रवाना हुआ था। इसमें 200 से ज्यादा लोग हैं।

उन्होंने AFP से बातचीत में कहा कि हंतावायरस का इंसान से इंसान में फैलना आसान नहीं है। इसका ट्रांसमिशन कोरोना की तुलना में काफी मुश्किल है।

नीदरलैंड के झंडे वाला यह क्रूज शिप 20 मार्च को अर्जेंटीना के उशुआइया से रवाना हुआ था। इसके बाद यह दक्षिणी ध्रुव के आसपास के इलाकों में गया और फिर अटलांटिक पार करते हुए यूरोप की ओर बढ़ रहा था। इसे सबसे आखिर में स्पेन के कैनरी द्वीप तक पहुंचना था, जो अफ्रीका के पास अटलांटिक में स्थित एक प्रमुख पर्यटन क्षेत्र है। जहाज में कुल 170 यात्री और 71 क्रू सदस्य मौजूद हैं। इनमें एक डॉक्टर भी शामिल है। पहला मृतक 70 साल का एक व्यक्ति था, जिसकी मौत जहाज पर ही हो गई। वह अपनी पत्नी के साथ इस यात्रा पर था। इसके बाद उसका शव दक्षिण अटलांटिक में स्थित सेंट हेलेना में उतारा गया।

**डच फ्लैग वाला यह जहाज स्पेन जा रहा है। यह 10 मई तक स्पेन के कैनरी आइलैंड तक पहुंच सकता है, जहां जहाज पर मौजूद सभी यात्रियों की जांच होगी। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि घटना गंभीर है, लेकिन फिलहाल आम लोगों के लिए खतरा कम माना जा रहा है।**

### हंतावायरस से मौतों में एंडीज स्ट्रेन का शक

WHO के मुताबिक हंतावायरस से हुई तीन मौत के मामलों में एंडीज स्ट्रेन का शक है, जो इंसानों के बीच भी फैल सकता है। एंडीज स्ट्रेन मुख्य रूप से दक्षिण अमेरिका के अर्जेंटीना और चिली में पाया जाता है। WHO ने बताया कि एंडीज स्ट्रेन बाकी हंतावायरस से अलग है। यह संक्रमित चूहों या उनके मल-मूत्र से तो फैलता ही है, लेकिन कुछ मामलों में इंसान से इंसान में भी फैल सकता है। हालांकि, यह संक्रमण कोरोना जितना तेजी से नहीं फैलता। जांच में पता चला है कि पहले दो पीड़ित दंपती जहाज पर चढ़ने से पहले चिली, अर्जेंटीना और उरुग्वे में बर्ड वॉचिंग ट्रिप पर गए थे। WHO के मुताबिक इन इलाकों में वायरस फैलाने वाले खास किस्म के चूहे पाए जाते हैं। अर्जेंटीना की एजेंसियां अब इस दंपती की यात्रा का पता लगा रही हैं।

### मरीजों को आइसोलेशन में रखा जा रहा

डॉक्टर करिन एलेन वेल्डकैंप ने कहा, ऐसे मामलों में संक्रमित मरीजों को अलग आइसोलेशन रूम में रखा जाता है। ट्रेंड स्टाफ उनकी देखभाल करता है। मरीजों को तब तक आइसोलेशन में रखा जाता है, जब तक उनमें लक्षण दिखाई देते हैं। हालत सुधरने के बाद उनका टेस्ट किया जाता है। अगर रिपोर्ट नेगेटिव आती है तो आइसोलेशन हटाया जा सकता है। हार्वर्ड के प्रोफेसर एलन ने बताया कि हंतावायरस से संक्रमित लोगों को 40 दिनों के लिए क्वारंटाइन में रखा गया है, क्योंकि इसका इन्क्यूबेशन पीरियड लंबा होता है। शरीर में वायरस के घुसने से लेकर पहले लक्षण दिखने के बीच के समय को इन्क्यूबेशन पीरियड कहते है। डॉक्टर के मुताबिक, अभी यह साफ नहीं है कि वायरस किसी व्यक्ति के शरीर में कब तक रह सकता है। WHO प्रमुख टेड्रोस एडनॉम गेब्रेसियस ने कहा कि हंतावायरस का इंक्यूबेशन पीरियड छह हफ्ते तक हो सकता है। इसलिए आगे भी नए मामले सामने आने की आशंका बनी हुई है।

# बेरूत पर फिर बरसे इजरायली बम

## नेतन्याहू बोले- दुश्मनों को कहीं नहीं मिलेगी छूट

नई दिल्ली, एजेंसी



इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को कहा कि दुश्मनों को कहीं भी कोई छूट नहीं मिलेगी। उनका यह बयान बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर इजरायल के ताजा हवाई हमले के एक दिन बाद आया है।

यह पिछले महीने घोषित युद्धविराम के बाद बेरूत क्षेत्र पर पहला बड़ा इजरायली हमला था। नेतन्याहू ने चेतावनी देते हुए कहा कि कोई भी आतंकी इजरायल की पहुंच से बाहर नहीं है।इजरायली सेना ने दावा किया है कि इस हमले में ईरान समर्थित हिजबुल्ला के विशेष रदवान बल के एक कमांडर की मौत हुई है।

सेना ने उसकी पहचान अहमद अली बलूत के रूप में की है। हालांकि बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर नियंत्रण रखने वाले हिजबुल्ला ने अब तक हमले या कमांडर की स्थिति को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

हिजबुल्ला ने कहा कि उसने बुधवार को दक्षिणी लेबनान में इजरायली बलों के खिलाफ 17 अभियान चलाए, जबकि इजरायली सेना ने दावा किया कि उसने उसी दिन दक्षिण में 15 से अधिक आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। बुधवार को दक्षिणी लेबनान के तीन अलग-अलग इलाकों में हुए इजरायली हमलों में कम से कम 11 लोगों की मौत हुई।

फास्ट न्यूज

### चीनी युआन के बढ़ते प्रभाव ने बढ़ाई अमेरिका की चिंता

वॉशिंगटन । अमेरिकी सीनेटरों के एक समूह ने अमेरिकी डॉलर को दुनिया की रिजर्व करेंसी का दर्जा देने के लिए एक प्रस्ताव फिर से पेश किया है। सीनेटरों ने चेतावनी दी है कि चीन, युआन के आस-पास एक दूसरी वैश्विक वित्तीय व्यवस्था बनाने की कोशिशें तेज कर रहा है। अमेरिकी सीनेटर्स के इस समूह में दोनों दलों के सांसद शामिल हैं।

### जर्मनी में भारतीय कामगारों की मांग

संयुक्त राष्ट्र । जर्मनी के बहुपक्षीय मामलों के कमिश्नर फ्लोरियन लॉडी के अनुसार जर्मनी की देश-विशिष्ट माइग्रेशन नीति के तहत भारत पसंदीदा देश है। उन्होंने भारत को स्किल्ड कामगारों के सबसे महत्वपूर्ण सोर्स में से एक बताया। गुरुवार को भारत के यूएन मिशन की ओर से आयोजित 'माइग्रेशन गवर्नेंस में डिजिटल इनोवेशन का फायदा उठाना' विषय पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरा लाउडी ने कहा कि दोनों देशों के बीच बेहतरीन सहयोग एक 'ट्रिपल विन है- माइग्रेंट्स के लिए, मेजबान जर्मनी के लिए जहां श्रमिकों की कमी है, और भारत के लिए जिसके पास बड़ी संख्या में कार्यबल उपलब्ध है।

### यूएई पर फिर हुआ मिसाइल और ड्रोन से हमला

दुबई । संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि शुक्रवार को उन पर एक बार फिर मिसाइल और ड्रोन हमले हुए, जिन्हें वायु रक्षा प्रणाली ने सफलतापूर्वक इंटरसेप्ट कर लिया। हमले में फिलहाल किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। मंत्रालय ने नागरिकों से अपील की है कि वे सफल एयर इंटरसेप्शन के बाद गिरे किसी भी मलबे या टुकड़ों के पास न जाएं, उनकी तस्वीरें न लें और उन्हें हाथ न लगाएं।

## चीन की पटाखा फैक्ट्री धमाके से मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई 37

नई दिल्ली, एजेंसी



चीन के प्रांत के लियुआंग शहर में सोमवार दोपहर पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण धमाके में मरने वालों की संख्या बढ़कर 37 हो गई है, जबकि एक व्यक्ति अभी भी लापता है। घटनास्थल पर तलाशी और बचाव अभियान लगभग पूरा हो चुका है।

यह हादसा हुआशेंग फायरवर्क्स मैन्युफैक्चरिंग एंड डिस्प्ले कंपनी के प्लांट में हुआ। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

दुर्घटना में अब तक 37 लोगों की मौत हो चुकी है। 51 लोग घायल हुए हैं, जिनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। घायलों में से पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है, हालांकि उनके वाइटल साइन स्थिर हैं।

घटना के तुरंत बाद स्थानीय अधिकारियों ने आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को सक्रिय कर दिया। एक टास्क फोर्स गठित की गई और बचाव-राहत कार्यों के लिए 1,500 से अधिक कर्मियों को मौके पर तैनात किया गया। अब तक घटनास्थल पर तलाशी और बचाव अभियान लगभग पूरा हो चुका है।

पुलिस ने लापरवाही के आरोप में आठ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। प्रारंभिक जांच में इनकी लापरवाही को हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है।

धमाका बारूद (गनपाउडर) के दो गोदामों के निकट हुआ था। किसी भी बड़े हादसे से बचने के लिए बचाव दलों ने आसपास के निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया है। घटनास्थल के चारों ओर एक बफर जोन भी बनाया गया है।

## भ्रष्टाचार मामले में वेई फेंगहे और ली शांगफू दोषी करार, पूरी प्रॉपर्टी भी जब्त

# चीन के दो पूर्व रक्षा मंत्रियों को सुनाई गई मौत की सजा

बीजिंग, एजेंसी

चीन ने भ्रष्टाचार के मामलों में दो पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू और वेई फेंगहे को मौत की सजा सुनाई है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, दोनों को पहले 2 साल जेल में रखा जाएगा। अगर वह दो साल तक कोई नया अपराध नहीं करता तो सजा को आजीवन कारावास में बदला जा सकता है।

ली शांगफू को पिछले साल अचानक पद से हटाया गया था, जबकि वेई फेंगहे भी सैन्य भ्रष्टाचार जांच के दायरे में आए थे। जिसके बाद दोनों को 2024 में चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी से निष्कासित किया गया था।





एक्सपर्ट्स के मुताबिक, यह कार्रवाई राष्ट्रपति शी जिनपिंग के भ्रष्टाचार विरोधी अभियान का हिस्सा है। पिछले कुछ वर्षों में चीन की सेना और रक्षा से जुड़े के कई वरिष्ठ अधिकारियों पर कार्रवाई की गई है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, चीन में चल रही भ्रष्टाचार जांच का सबसे बड़ा सेंटर PLA रॉकेट फोर्स और सेना के हथियार खरीद विभाग को माना जा रहा है। PLA रॉकेट फोर्स चीन की सेना की वह खास यूनिट है, जो देश की परमाणु मिसाइलों और लॉन्ग रेंज की बैलिस्टिक मिसाइलों को संभालती है।

### ली शांगफू पर रिश्वत और अनुशासन उल्लंघन के आरोप

चीन के पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू को पिछले साल अक्टूबर में अचानक पद से हटा दिया गया था। वे करीब दो महीने तक सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आए थे, जिससे कई तरह की अटकलें शुरू हो गई थीं। अब पहली बार चीनी अधिकारियों ने आधिकारिक तौर पर स्वीकार किया है कि उनके खिलाफ भ्रष्टाचार से जुड़ी जांच चल रही थी।



चीन के पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू (दाएं) 2023 में बीजिंग के 'ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल' में शपथ लेते हुए।

### पूर्व रक्षा मंत्री वेई फेंगहे पर भी कार्रवाई

चीन के पूर्व रक्षा मंत्री वेई फेंगहे पर रिश्वत लेने और अपने पद का गलत इस्तेमाल करने के आरोप लगाए गए हैं। चीन की सैन्य अदालत ने उन्हें भ्रष्टाचार का दोषी माना है। जांच में सामने आया कि वेई फेंगहे ने रक्षा मंत्रालय और सेना से जुड़े फैसलों में फायदा पहुंचाने के बदले कथित तौर पर रिश्वत ली थी। वेई फेंगहे चीन के सीनियर सैन्य अधिकारियों में गिने जाते थे। वे चीन के पूर्व रक्षा मंत्री होने के साथ चीनी सेना में रॉकेट फोर्स के कमांडर भी रह चुके हैं। रॉकेट फोर्स चीन की मिसाइल और परमाणु हथियार सिस्टम को संभालती है।

## ट्रम्प बोले- डील नहीं की तो और हमले करेंगे ■ होर्मुज में 1500 जहाज फंसे

# अमेरिका ने सीजफायर तोड़कर ईरान पर फिर की बमबारी

तेल अवीव, एजेंसी

अमेरिकी सेना ने ईरान पर फिर बमबारी की है। ईरान ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने सीजफायर के बीच यह कार्रवाई की। दरअसल, अमेरिकी सेना ने ओमान की खाड़ी में ईरानी तेल टैंकरों को निशाना बनाया है। इसके बाद ईरान ने बिना किसी हिचकिचाहट के करारा जवाब देने की चेतावनी दी है।

ईरानी सरकारी मीडिया प्रेस TV के मुताबिक खातम अल-अनबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिकी सेना ने जास्क के पास ईरानी समुद्री इलाके से होर्मुज स्ट्रेट की ओर जा रहे एक तेल टैंकर को निशाना बनाया।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी दी कि अगर तेहरान डील नहीं करता तो हम फिर हमले करेंगे। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर ट्रम्प ने बताया कि ईरान ने अमेरिकी जंगी जहाजों पर हमला किया था।



इसके बाद दोनों देशों के बीच फायरिंग हुई, जिसमें हमने उन्हें बुरी तरह से तबाह कर दिया और उनकी कई छोटी नावों को डुबो दिया। हम उन्हें परमाणु हथियार रखने का अधिकार नहीं देंगे और वे इस बात पर सहमत हो गए हैं। लेबनान के दक्षिणी इलाके में हुए इजराइली हवाई हमले में लेबनानी सिविल डिफेंस के एक सदस्य की मौत हो गई है।

**वहीं, संयुक्त राष्ट्र की समुद्री एजेंसी आईएमओ के महासचिव आर्सेनियो डोमिंगेज ने कहा है कि होर्मुज संकट के कारण खाड़ी क्षेत्र में करीब 1500 जहाज फंस गए हैं। इन जहाजों के साथ लगभग 20 हजार नाविक भी फंसे हुए हैं।**

### होर्मुज स्ट्रेट पर चीनी तेल टैंकर पर हमला

चीन के विदेश मंत्रालय ने बताया कि स्ट्रेट में एक चीनी तेल टैंकर पर हमला हुआ है। जहाज पर चीनी नागरिक भी मौजूद हैं, हालांकि अब तक किसी क्रू मेंबर के हताहत होने की खबर नहीं है। अल जजीरा के मुताबिक, मंत्रालय ने कहा है कि होर्मुज स्ट्रेट में बढ़ते तनाव से बड़ी संख्या में जहाज प्रभावित हो रहे हैं, जिसे लेकर वह बेहद चिंतित है। साथ ही चीन ने घोषणा की है कि देश में 9 मई से पेट्रोल और डीजल की रिटेल कीमतों में बढ़ोतरी की जाएगी। देश की सरकारी योजना एजेंसी के मुताबिक, पेट्रोल की कीमत 320 युआन यानी करीब 4,440 प्रति मीट्रिक टन बढ़ाई जाएगी।

### जापानी कंपनी बोली- होर्मुज पार करने के लिए कोई शुल्क नहीं दिया

जापान की शिपिंग कंपनी मित्सुई ओएसके लाइंस (MOL) ने कहा है कि अप्रैल में उसके तीन जहाज होर्मुज स्ट्रेट पार कर खाड़ी क्षेत्र से बाहर निकले, लेकिन उन्होंने किसी तरह का ट्रांजिट शुल्क नहीं दिया।

ईरान ने अमेरिका-इजराइल युद्ध खत्म करने के प्रस्तावों में होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर शुल्क या टोल लगाने की बात कही थी। रॉयटर्स से बातचीत में कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि भविष्य में भी कंपनी ऐसा कोई शुल्क देने का इरादा नहीं रखती। जब पूछा गया कि जहाज बिना शुल्क दिए स्ट्रेट से कैसे गुजर गए, तो MOL ने इसका श्रेय संबंधित देशों और दूसरे पक्षों की कोशिशों को दिया।

# ट्रम्प की टैरिफ पॉलिसी को अमेरिकी कोर्ट ने अवैध बताया

## 10% टैरिफ लगाने का फैसला रद्द

वॉशिंगटन, एजेंसी



अमेरिका के एक फेडरल ट्रेड कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लगाए गए 10% ग्लोबल टैरिफ को अवैध घोषित कर दिया है। कोर्ट ने गुरुवार को 2-1 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए कहा कि यह टैरिफ 1974 के व्यापार कानून के तहत सही नहीं थे। प्रशासन के पास कांग्रेस की अनुमति के बिना इतने बड़े पैमाने पर आयात शुल्क (इम्पोर्ट ड्यूटी) लगाने का अधिकार नहीं है।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड ने अपने फैसले में कहा कि इसी साल की शुरुआत में लगाए गए ये टैरिफ कानून अमान्य हैं। ट्रम्प ने फरवरी में एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के जरिए इन ग्लोबल टैरिफ को लागू करने की घोषणा की थी।

प्रशासन ने ट्रेड एक्ट 1974 की धारा 122 का हवाला देते हुए तर्क दिया था कि अमेरिका 1.2 ट्रिलियन डॉलर के व्यापार घाटे का सामना कर रहा है।

हालांकि, जजों ने इसे खारिज करते हुए कहा कि इस तरह का व्यापार घाटा कानून की अनिवार्य शर्तों को पूरा नहीं करता।

यह मामला इसलिए भी अहम है, क्योंकि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही ट्रम्प प्रशासन के कुछ टैरिफ फैसलों को यह कहते हुए रद्द कर दिया था कि राष्ट्रपति की इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स असीमित नहीं हैं।

**चर्चा : टाटा संस की लिस्टिंग पर फैसला होना था, बोर्ड में गवर्नेंस और हिस्सेदारी को लेकर मतभेद**

# टाटा ट्रस्ट्स की अहम बैठक 16 मई तक टली

मुंबई, एजेंसी

टाटा ट्रस्ट्स की आज 8 मई को होने वाली महत्वपूर्ण बोर्ड मीटिंग अब 16 मई को होगी। ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक आंतरिक मतभेदों के चलते इस बैठक को टाला गया है। यह दूसरी बार है जब मीटिंग की तारीख बदली गई है। पहले यह मीटिंग 12 मई को होनी थी। बार-बार तारीखें बदलने से ट्रस्ट के भीतर चल रही चर्चाओं को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है।

मैनेजमेंट के साथ मतभेद सुलझानाः टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा और टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन के बीच गवर्नेंस और रणनीतिक मुद्दों पर जो वैचारिक मतभेद उभरे हैं। उन्हें सुलझाना भी इस बैठक का एक बड़ा एजेंडा था।

टाटा ट्रस्ट के पास टाटा संस की दो-तिहाई हिस्सेदारी है। विवाद की जड़ 'टाटा संस' का IPO है। टाटा ट्रस्ट्स के दो ट्रस्टी वेणु श्रीनिवासन और विजय सिंह चाहते हैं कि टाटा संस को शेयर बाजार में लिस्ट किया जाए। उनका मानना है कि इससे कंपनी में पारदर्शिता आएगी। वहीं, नोएल टाटा अभी भी टाटा संस को 'क्लोजली हेल्ड' यानी निजी कंपनी ही बनाए रखना चाहते हैं। हां, यह पहली बार नहीं है। 2022 में भी RBI ने टाटा संस को 'अपर-लेयर' NBFC की श्रेणी में रखा था और तीन साल का समय दिया था। तब ग्रुप ने अपना कर्ज रीस्ट्रक्चर करके और खुद को 'नॉन-सिस्टमैटिक' बताकर लिस्टिंग टाल दी थी। लेकिन अब RBI ने वे रास्ते बंद कर दिए हैं।

टाटा ट्रस्ट के पास टाटा संस की दो-तिहाई हिस्सेदारी है। नोएल टाटा को डर है कि लिस्टिंग होने से ग्रुप की कंपनियों पर टाटा ट्रस्ट्स का कंट्रोल कम हो सकता है। वह चाहते हैं कि टाटा संस पर ट्रस्ट की पकड़ पहले जैसी ही मजबूत बनी रहे। फरवरी में ऐसी खबरें भी आई थीं कि उन्होंने टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन से इस बात की गारंटी मांगी थी कि कंपनी लिस्ट नहीं होगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जब नोएल टाटा ने चंद्रशेखरन से लिस्टिंग न होने की गारंटी मांगी, तो उन्होंने ऐसा वादा करने से इनकार कर दिया।

### टाटा संस बोर्ड में प्रतिनिधित्व

बैठक का मुख्य उद्देश्य यह तय करना था कि होल्डिंग कंपनी टाटा संस के बोर्ड में टाटा ट्रस्ट्स की तरफ से कौन शामिल होगा। रिपोर्ट के अनुसार, वेणु श्रीनिवासन की जगह भास्कर भट को नॉमिनी डायरेक्टर बनाने पर विचार होना था। ग्रुप में इस बात को लेकर बहस चल रही है कि क्या टाटा संस को शेयर बाजार में लिस्ट किया जाना चाहिए या इसे प्राइवेट ही रखा जाए। नोएल टाटा इसे प्राइवेट रखने के पक्ष में हैं, जबकि कुछ ट्रस्टी लिस्टिंग के विकल्प पर चर्चा चाहते हैं। टाटा ट्रस्ट्स की टाटा संस में 66% हिस्सेदारी है। बैठक में टाटा ग्रुप के भविष्य के मालिकाना हक और कामकाज के तरीकों की समीक्षा की जानी थी।





**आरबीआई के नए नियमों के मुताबिक, 1 जुलाई 2026 से टाटा संस को एक 'सिस्टमैटिकली इम्पोर्टेन्ट' शैडो बैंक माना जाएगा। नियम यह है कि अगर किसी शैडो बैंक की एसेट साइज 1 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा है, तो उसे शेयर बाजार में लिस्ट होना अनिवार्य है। टाटा संस इस दायरे में आती है।**

# केपीआईटी के को-फाउंडर रवि पंडित का निधन

पुणे, एजेंसी

टेक कंपनी केपीआईटी ग्रुप के चेयरमैन और को-फाउंडर रवि पंडित का 72 साल की उम्र में शुक्रवार (8 मई) को निधन हो गया। कंपनी ने एक बयान जारी कर उनके निधन की जानकारी दी। हालांकि मौत के कारणों का खुलासा नहीं किया गया है। रवि पंडित को भारत के ऑटोमोटिव सॉफ्टवेयर और मोबिलिटी टेक्नोलॉजी इकोसिस्टम के शुरुआती आर्किटेक्ट्स में गिना जाता था।

रवि पंडित ने तीन दशकों से ज्यादा समय तक पुणे मुख्यालय वाली कंपनी KPIT का नेतृत्व किया। उनके मार्गदर्शन में KPIT एक घरेलू आईटी सर्विसेज कंपनी से बदलकर ग्लोबल ऑटोमोटिव सॉफ्टवेयर और मोबिलिटी इंजीनियरिंग फर्म बनी। आज यह कंपनी अमेरिका, यूरोप और एशिया के वाहन निर्माताओं को अपनी सेवाएं दे रही है। पंडित के नेतृत्व में कंपनी ने सॉफ्टवेयर-डिफाइंड मोबिलिटी, इलेक्ट्रिफिकेशन, ऑटोनॉमस ड्राइविंग और क्लीन एनर्जी टेक्नोलॉजी पर फोकस किया। वर्तमान में KPIT का ऑपरेशन दुनिया के 15 देशों में फैला हुआ है।

KPIT के अलावा रवि पंडित 'कीर्तने एंड पंडित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स' के भी चेयरमैन थे। यह एक प्रोफेशनल सर्विसेज फर्म है, जिसे उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विस्तार देने में मदद की।



■ ऑटोमोटिव सॉफ्टवेयर इंडस्ट्री के आर्किटेक्ट में गिने जाते थे, ग्रीन हाइड्रोजन मिशन में अहम भूमिका निभाई थी

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड- 224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकिाशत लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।

मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96